केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com



श्री महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

# मालवा हेराल्ड

**सुविचार**

सही दिशा में किया गया अच्छा कर्म मनुष्य का वर्तमान और भविष्य दोनों बदल सकता है...

वर्ष 13 अंक 274 | उज्जैन, रविवार 19 मार्च 2023 | पृष्ठ-8 मूल्य-1 रुपए

## न्यूज ब्रीफ

### सोनभद्र में भारी बारिश के बाद नाले में अचानक आई बाढ़, छः लोग बहे, पांच के शव बरामद

**सोनभद्र/जीएनएस।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के रामपुर बरकोनिया क्षेत्र में तेज बारिश से उफनाए नाले में छह लोग बह गए जिनमें से पांच के शव को बरामद कर लिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह ने शनिवार को बताया कि गड़वान गांव से बैतरा नाला के पास जंगल में छह लोग शुक्रवार शाम लकड़ी बीनने के लिए गए थे। देर शाम अचानक से तेज बारिश और ओलावृष्टि शुरू हो गई जिससे बचने के लिये सभी इधर उधर छुपने लगे। इसी बीच बारिश के कारण बैतरा नाला में तेज उफान के साथ पानी का बहाव शुरू हो गया जिसमें छह लोग पानी के चपेट आकर नाले में बह गये। पुलिस एवं अन्य खोजी दस्तों के प्रयास से शनिवार दोपहर तक पांच शव बरामद किए जा चुके हैं जबकि एक महिला खोज जारी है। उन्होंने बताया कि मृतकों में राजकुमारी (40),रीता (32), राजपती (10) सभी निवासी गड़वान थाना रामपुर बरकोनिया , हीरावती (22) , विमलेश (12) के शव बरामद कर लिए गये हैं जबकि एक महिला की तलाश जारी है।

### जम्मू-कश्मीर के अवंतीपोरा में बस पलटने से चार लोगों की मौत, बिहार के रहने वाले थे सभी मृतक

**श्रीनगर/जीएनएस।** जम्मू-कश्मीर के अवंतीपोरा में बड़ा हादसा पेश आया है। यहां शनिवार सुबह जम्मू-श्रीनगर हा-44 में झेलम ब्रिज के पास परिवहन निगम की एक बस पलट गई। हादसे में बस में सवार चार लोगों की मौत हो गई जबकि कई घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हादसे में मारे गए सभी लोग बिहार के रहने वाले थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना के संबंध में मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। जम्मू कश्मीर पुलिस अधिकारी ने बताया कि अवंतीपोरा के गोरीपोरा इलाके में नैशनल हाइवे पर बस पलट गई। इसमें कई यात्रियों को चोटें आईं। उन्होंने बताया कि तीन घायलों ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया जबकि एक अन्य ने पंपोर के अस्पताल में दम तोड़ दिया। कुछ घायलों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। मृतकों की पहचान नसरुद्दीन अंसारी पुत्र इस्लाम अंसारी निवासी खैरावा टोला पकड़ी हरदीतेरा पश्चिमी चंपारण, बिहार, राज करण दास पुत्र शिवू सिंघारी गोबिंदपुर किशनगंज, खटिया पिछिया, बिहार, सलीम अली पुत्र मोहम्मद अलाउद्दीन निवासी हकीमनगर चिल्हापारा, कटिहार, और कैसर आलम पुत्र शेओ माजकुरुल निवासी बीरनगर शरीफनगर बारसोईखाट, कटिहार, बिहार के रूप में हुई है।

### जिस रफ्तार से सफ़ाई का काम चल रहा है लगता है, सेंचुरी भी पूरी हो जाएगीः राजनाथ

**नईदिल्ली/जीएनएस।** रक्षा मंत्री ने कहा कि मैंने एक जगह पढ़ा कि अब तक यूपी में पुलिस के साथ मुठभेड़ में 63 अपराधी मारे जा चुके हैं, यदि अपराधी पुलिस के साथ टकराने की कोशिश करते हैं तो ऐसे कदम उठाना स्वाभाविक है। जिस रफ्तार से सफाई का काम हो रहा है उससे लगता है कि सेंचुरी भी पूरी हो सकती है।उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा लगातार बड़ा दावा करती है। खुद पार्टी के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते दिखे। दरअसल, उत्तर प्रदेश पुलिस ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि छह साल के कार्यकाल में 10,713 मुठभेड़ों में 5,967 अपराधियों को पकड़ा गया, जबकि 1,708 अपराधी घायल हुए। इसी को लेकर रक्षा मंत्री ने कहा कि मैंने एक जगह पढ़ा कि अब तक यूपी में पुलिस के साथ मुठभेड़ में 63 अपराधी मारे जा चुके हैं, यदि अपराधी पुलिस के साथ टकराने की कोशिश करते हैं तो ऐसे कदम उठाना स्वाभाविक है।

बदलेगी बदनावर की तस्वीर

# बदनावर में स्थापित होगा पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क

## भारत के सात राज्यों में से एक मध्यप्रदेश भी, उद्योग मंत्री दत्तीगांव के प्रयास से मिली क्षेत्र को बड़ी सौगात

**बदनावर/मनीष शर्मा /दैनिक मालवा हेराल्ड।** मेक इन इंडिया को बढ़ावा देते हुए केंद्र सरकार ने ÷पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क योजना में पूरे मध्यप्रदेश में एक मात्र बदनावर को चुना गया है। ऐसे में यहां आने वाले दिनों में बदनावर औद्योगिक इकाईयों के मामले में पूरे देश में जाना जाएगा। यह बड़ी सौगात प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान व उद्योग मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव के अथक प्रयास से मिली है। मध्य प्रदेश समेत सात राज्यों में यह पार्क स्थापित होंगे। जिसमें महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक व उत्तर प्रदेश को चुना गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद इसकी घोषणा की।

मिली जानकारी अनुसार बदनावर में यह पीएम मित्र मेगा टैक्सटाइल पार्क स्थापित होगा। जिसमें कपड़ा संबंधित इकाइयां लगेगी। खास बात यह है कि इसमें कपड़ों का पूरा काम एक ही जगह होगा। इसी जगह पीएम मित्र के तहत बने हब में रुई की कताई, धागे की बनाई, उसकी रंगाई, कपड़े बनाना, कपड़ो की छपाई और सिलाई एक ही स्थान पर होगी। एक ही स्थान पर सारा काम होने से लागत की कीमत भी कम आएगी। इससे भारतीय अपेरल एक्सपोर्टर दुनिया भर के बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धा कर पाएंगे। सरकार के इस मेगा इंटीग्रेटेड टैक्सटाइल पार्क से कपड़े तैयार करने से लेकर उनकी मार्केटिंग डिजाइनिंग और एक्सपोर्ट सभी एक ही जगह से होंगे। इससे यह क्षेत्र काफी विकसित हो जाएगा। गत दिनों मध्य प्रदेश सरकार ने रतलाम, धार, देवास व कटनी जिले में पीएम मित्र मेगा टैक्सटाइल पार्क के लिए प्रस्ताव भेजा था। जिसमें से धार जिले के बदनावर क्षेत्र को चयनित किया गया है। प्रदेश के उद्योग मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने बताया कि इस पार्क की स्थापना होने से बदनावर की पहचान पूरे देश व विश्व में बढ़ेगी और भविष्य में यह पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र की तरह विकसित होगा। जानकारी के अनुसार 1 हजार से ज्यादा एकड़ क्षेत्र में इसकी स्थापना होगी। दत्तीगांव ने कहा कि यह 5F के विजन का चरण है, ताकि विदेशों तक हम अपने कपड़ा उद्योग का विस्तार करें।



### बदनावर क्षैत्र होगा विकसित

इस बड़े औद्योगिक पार्क की स्थापना से बदनावर क्षेत्र काफी विकसित होगा। पश्चिम क्षेत्र की रंगत ही बदल जाएगी। पीथमपुर क्षेत्र में स्थापित ओद्योगिक इकाइयो की तरह बदनावर क्षेत्र में उद्योग लगेंगे। इससे आने वाले दिनों में बदनावर की तस्वीर पूरी तरह बदल जाएगी। बता दे कि प्रदेश की भाजपा सरकार में बदनावर की भागीदारी मिलने के बाद यहां विकास की गति आगे बढ़ी है। पहली बार सरकार में उद्योग विभाग जैसे महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी यहां के विधायक राजवर्धनसिंह दत्तीगांव को मिलने के बाद एक दम बदनावर विकास की रफ्तार में तेजी से बढ़ने लगा है। दत्तीगांव के प्रयास से दो बड़े उद्योग पहले ही यहां स्वीकृत होकर बनने लगे है। खेरवास में बड़ा सोया प्लान्ट स्थापित हो रहा है। करीब 65 एकड़ क्षेत्र में इसका विस्तार हो रहा है। आईबी ग्रुप इस प्लांट की स्थापना यहां करीब साढ़े 300 करोड़ से अधिक लॉगत से कर रहा है। इस उद्योग के निर्माण का काम तेजी से यहां चल रहा है। इसी तरह यहां ग्राम छायन में भी कपड़ा कारखाना बनने जा रहा है। करीब 50 एकड़ क्षेत्र में करीब 250 करोड़ की लागत से इसकी स्थापना यहां हो रही है। न्यू जील रेन वियर कंपनी यहां रेनवीयर, विंटर वियर और सेफ्टी वियर आदि के आउटर वियर उत्पादों के अग्रणी निर्माता उद्योग समूह है। यह कंपनी अपने उत्पादों को अमेरिका, यूरोप और मध्य पूर्व के देशों में निर्यात करती है। अब यह बड़ी कंपनी यहां छायन में निवेश कर रही है।

पूरी प्रक्रिया में पहले खर्च बढ़ता था और बर्बादी होती थी। लेकिन अब एक ही जगह टेक्सटाइल पार्क होने पर यह नहीं होगा। यह निर्णय टेक्सटाइल सेंटर में निवेश को बढ़ावा देने और रोजगार के अनेक अवसर सृजित करने में मददगार साबित होगा।

### जेपी नड्डा बोले- राहुल गांधी की रीपैकेजिंग कर रही कांग्रेस परिवारवाद वालों ने भारत को छोटा और कमजोर बनाया



**नईदिल्ली/जीएनएस।** नड्डा ने कहा कि राहुल गांधी को चुनाव लड़ना नहीं आता। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने भारत के लोगों का अपमान किया है और उन्हें अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वे अन्य देशों को भारत के मामलों में हस्तक्षेप करने के लिए उकसाते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कर्नाटक के तुमकुर में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर राहुल गांधी की रीपैकेजिंग करने को लेकर तंज कसा। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस राहुल गांधी की रीपैकेजिंग कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत कमजोर नहीं है, भारत छोटा नहीं है, ये परिवारवाद वालों ने भारत को छोटा और कमजोर बनाया था। उन्होंने कहा कि वे सिर्फ एक परिवार को बढ़ावा देने में रुचि रखते हैं, लेकिन कर्नाटक के हमारे नेता एक साधारण परिवार से आते हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि लोगों ने उनकी पार्टी को वोट नहीं दिया तो लोकतंत्र खतरे में है? इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने 135 करोड़ भारतीयों का अपमान किया है, उन्हें माफी मांगनी चाहिए।

### मुरैना में बड़ा हादसा, चंबल नदी पार कर रहे सात लोग बहे, दो के शव बरामद, शेष की तलाश जारी

**मुरैना/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में शनिवार सुबह चंबल नदी में उस समय एक बड़ा हादसा हो गया, जब पैदल इस नदी को पार कर राजस्थान जा रहे लगभग डेढ़ दर्जन लोगों में से सात लोग पानी के बहाव में बह गए। हादसे में अब तक दो लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। प्रशासन शेष के शव तलाशने में जुटा हुआ है।




कलेक्टर अंकित अस्थाना ने शुरुआती जानकारी के हवाले से बताया कि राजस्थान मध्यप्रदेश सीमा पर सबलगढ़ अनुविभाग के टहटरा थाने स्थित चंबल के राजिया घाट से लगभग 17 लोग राजस्थान स्थित कैला देवी माता के दर्शन करने पैदल नदी पार कर के जा रहे थे। इस दौरान सात लोग पानी के बहाव में बह गए। इनमें से दो के शव बरामद कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि शेष की तलाश जारी है। प्रशासन लगातार बचाव कार्य में जुटा है। आला अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। वहीं, हादसे को लेकर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रशासन को राहत कार्य तेज करने के निर्देश दिए हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री कार्यालय एवं जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि चंबल नदी में रेस्क्यू ऑपरेशन को तेज किया जाए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन आवश्यक संसाधन के साथ घटनास्थल पर है, एसडीआरएफ की टीम पहुंच रही है, स्थानीय गोताखोरों के माध्यम से नदी में बह गए लोगों की तलाश की जा रही है। बचाव कार्यों एवं आवश्यक मदद की मॉनिटरिंग मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा की जा रही है।

### मध्यप्रदेश के बालाघाट में बड़ा हादसा, जंगल में क्रैश हुआ विमान, पायलट सहित दो लोगों की मौत

**बालाघाट/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महाराष्ट्र की सीमा से लगे मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले में आज एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त होकर जंगल में गिर गया। इस वजह से उसमें सवार पायलट और एक अन्य व्यक्ति की मृत्यु की आशंका जताई गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के सघन और नक्सली प्रभावित वन क्षेत्र में विमान दुर्घटनाग्रस्त होकर गिरा है। प्रारंभिक सूचनाओं में बताया गया है कि विमान प्रशिक्षण उड़ान पर था और उसमें दो लोग सवार थे। विमान के महाराष्ट्र के गोंदिया जिला स्थित प्रशिक्षण केंद्र से उड़ान भरने की खबर आई है। विमान दुर्घटनाग्रस्त होकर घने जंगल में गिर गया। सूत्रों ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस भी सक्रिय हुई और दल बल के साथ मौके पर पहुंची। सघन जंगल और पहाड़ी इलाके में विमान का मलबा फैला हुआ है। बताया गया है कि दो सीटर इस विमान में



पायलट और एक अन्य व्यक्ति बैठा हुआ था। पुलिस बल दोनों को खोजने की कोशिश में लगा है। हादसे की भयावहता के आधार पर आशंका इस बात की है कि दोनों की जान शायद ही बची हो। विमान हादसे का कारण तत्काल पता नहीं चल सका है। विमान का मलबा भक्कुटोला के जंगल में फैला हुआ है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यूनीवार्ता से कहा कि सघन जंगल और नक्सली प्रभावित क्षेत्र होने के कारण पुलिस का दल राहत एवं बचाव कार्य के दौरान आवश्यक ऐहतियात बरत रहा है। इसके अलावा विमान सवार दोनों व्यक्तियों को भी तलाशने का कार्य अपरान्ह बाद तक जारी था।




### जन-कल्याण में जन अभियान परिषद की अहम भूमिका- मुख्यमंत्री चौहान

**योजनाओं में जन-भागीदारी के लिए नोडल एजेंसी होगी परिषद »» स्वैच्छिक संगठनों के लिए अब परिषद के पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य »» मुख्यमंत्री ने भोपाल के जंबूरी मैदान में राज्य स्तरीय सम्मेलन को संबोधित किया**

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश के स्वैच्छिक संगठनों को एकजुट कर पर्यावरण-संरक्षण, योजनाओं के क्रियान्वयन और कोरोना जैसी विषम परिस्थितियों में जन-कल्याण के कार्यों से जुड़ी रही जन अभियान परिषद शासकीय योजनाओं में जनता की भागीदारी के लिए नोडल एजेंसी बनेगी। साथ ही प्रदेश में काम करने वाले प्रत्येक स्वैच्छिक संगठन को परिषद के पोर्टल में पंजीयन करवाना अनिवार्य रहेगा। परिषद जन-कल्याण के क्षेत्र में अहम भूमिका निभा रही है। इस



नाते परिषद से जुड़े सभी लोग बहनों के सशक्तिकरण के लिए प्रारंभ हुई लाड़ली बहना योजना और नए मध्यप्रदेश के निर्माण के संकल्प में संकल्पबद्ध होकर कार्य करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज भोपाल के जम्बूरी मैदान में प्रदेश में कार्यशील जन अभियान परिषद की प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर संस्थाओं, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के मेंटर्स एवं स्वैच्छिक संगठनों के सदस्यों के राज्य स्तरीय महाकुंभ को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सम्मेलन का दीप जलाकर शुभारंभ किया। प्रारंभ में सरस्वती वंदना और राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम का गायन हुआ। कन्या-पूजन और बहनों के पूजन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मुख्यमंत्री का प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आई बहनों ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भी बहनों का शाल ओढ़ा कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने परिषद की पुस्तिका प्रेरणा पथ एवं अन्य प्रकाशनों का विमोचन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में वित्त, योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा, जन-प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में महिलाएँ एवं संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जन अभियान परिषद ने अद्भुत कार्य किया है। यह स्वैच्छिक संगठनों का महासंगठन है, जो अब एक वट वृक्ष बन गया है। परिषद ने जल-संरक्षण, नशा-मुक्ति और ऊर्जा की बचत जैसे क्षेत्रों में बेहतरीन कार्य किया है। वर्ष 2019 में परिषद की गतिविधियों को तत्कालीन सरकार ने प्रोत्साहित करने के स्थान पर बंद करने का कार्य किया।

# लाडली बहना योजना में ई-केव्हायसी के लिए नेटवर्क न मिलने से कर्मचारी काम करने पहुंचे पहाड़ी पर

जिले में अभियान के रूप में लाडली बहना योजना के लिए मिशन मोड में ई-केव्हायसी की जायेगी ››कलेक्टर ने आज ग्राम पंचायतों में ई-केव्हायसी की कार्यवाही का आकस्मिक निरीक्षण किया





**झाबुआ /माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्रीमती सिंह ने आज लाडली बहना योजना में ई-केव्हायसी की कार्यवाही से रूबरू होने के लिए आकस्मिक निरीक्षण जनपद पंचायत झाबुआ के ग्राम पंचायत देवझिरी,डूगंरालालू, फुटिया, एवं तलावली में किया। इस दौरान उपस्थित महिलाओं को लाडली बहना योजना के लिए आधार से बैंक खाता लिकं, मोबाईल से बैंक खाता लिंक करने के एवं इससे होने वाले प्रतिमाह 1 हजार रू. लाभ के लिए बताया। उपस्थित सबंधित अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश दिये की वे समयसीमा में शत-प्रतिशत ई-केव्हायसी महिलाओं के करवाये एवं शत-प्रतिशत महिलाओं को माननीय मुख्यमंत्री की योजना का लाभ प्राप्त हो इसे अभियान में लेकर मिशन मोड में काम करें।

लाडली बहना योजना के अंतर्गत महिलाओं के खाते ई केवाईसी से जोड़ने के लिए की जा रही कार्यवाही का आज कलेक्टर श्रीमती सिंह ग्राम पंचायत फूटीया के ग्राम बावडिया जनपद पंचायत झाबुआ का आकस्मिक निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी प्राप्त की। ग्रामीण महिला श्रीमती गोवडी पति खेलू अपना फिंगरप्रिंट देते हुए ।

सरकार द्वारा प्रदेश भर में लाड़ली बहना योजना शुरू की गई है। इसके लिए पेटलावद विकासखंड में भी महिलाओं द्वारा ई-केवायसी कराई जा रही है। शहर में बैंक और आधार सेंटरों पर दिनभर कतारें लग रहीं हैं। दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में तो इंटरनेट कनेक्शन और मोबाइल नेटवर्क की समस्या से जूझना पड़ रहा है। ऐसे ही हालात पेटलावद मुख्यालय से 20 किमी दूर मोहकमपुरा पंचायत में 'बने। यहां मोबाइल नेटवर्क न मिलने के कारण कर्मचारियों को पहाड़ी पर चढ़कर ई-केवायसी की गई। आयुक्त इंदौर संभाग एवं कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कर्मचारियों की प्रशंसा की है।

ई-केवायसी के तहत आधार कार्ड को समग्र से जोड़ा जा रहा है। इससे समग्र आईडी में नाम और जन्मतिथि का सुधार हो सकेगा। लेकिन, यहां केवायसी करने में परेशानी का सामना झा करना पड़ रहा है। कई महिलाओं के जि आधार में मोबाइल नंबर न जुड़े होने कि से भी केवायसी में समस्या आ रही है। तो कुछ के नाम ही परिवार आईडी में झि गलत जुड़े हैं। शहरी क्षेत्र में भी कई क्र प्रकार की समस्या सामने आ रही है। क अधिकतर महिलाओं के आधार कार्ड वि में मोबाइल नंबर ही जुड़े हुवे है। स पेटलावद विकासखंड में लगभग 20 हजार महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलने की संभावनाएं हैं। इस दौरान तहसीलदार आशीष राठौर, प्रभारी पी.आर.ओ सुधीर कुशवाह एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## सार समाचार

### म.प्र. जिला योजना समिति के नगरीय क्षेत्र के सदस्य निर्वाचन हेतु सहायक पिठासिन प्रधिकारी नियुक्त

**झाबुआ /माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर जिला झाबुआ के आदेशानुसार मध्यप्रदेश शासन योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा जारी की गई अधिसूचना के तहत मध्यप्रदेश जिला योजना समिति के नगरीय क्षेत्र के सदस्य के निर्वाचन कार्य हेतु 24 मार्च 2023 को पीठासीन अधिकारी एल.एन गर्ग डिप्टी कलेक्टर झाबुआ के नेतृत्व में कार्य संपादित करने हेतु एम.एम.रावत उप संचालक कृषि विभाग झाबुआ एवं रविपाल मौरी सहायक संचालक, पिछडा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग जिला झाबुआ को सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### 19 मार्च को जिले के समस्त ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस अध्यक्षों की बैठक आयोजित होगी

**झाबुआ /माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कांग्रेस के संभागीय प्रवक्ता साबिर फिटवेल ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमलनाथ मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी कुलदीप इंदौरा जिला कांग्रेस प्रभारी हमीद काजी के निर्देशानुसार जिले के झाबुआ थांदला पेटलावद राणापुर मेघनगर रामा ब्लॉक अध्यक्ष एवं उप ब्लॉक कल्याणपुरा झकनावदा सारंगी काकनवानी खवासा व शहर कांग्रेस अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बिंदुओं को लेकर अति आवश्यक बैठक स्थानीय विधायक कार्यालय गोपाल कॉलोनी में 19 मार्च रविवार को दोपहर 1 बजे आयोजित किया जाना सुनिश्चित किया है। आयोजित बैठक में विशेष रुप से पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष डॉक्टर विक्रांत भूरिया मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव निर्मल मेहता पूर्व विधायक जेवियर मेडा महत्वपूर्ण बिंदुओं को लेकर पदाधिकारियों से चर्चा करेंगे जिला कांग्रेस कमेटी ने जिले के समस्त ब्लॉक अध्यक्ष उप ब्लॉक अध्यक्ष वह शहर कांग्रेस अध्यक्षों को बैठक में आमंत्रित किया है।

### भाटपचलाना के महेश जी गुर्जर को जिला मंत्री के पद पर नियुक्त किया गया

महेश गुर्जर भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री नियुक्त किया गया



**खाचरोद/ मुरलीदास बैरागी/दैनिक मालवा हैराल्ड।** भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष व सांसद माननीय विष्णुदत्त शर्मा जी प्रदेश संगठन महामंत्री माननीय हितानंद शर्मा भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश प्रभारी भाजपा प्रदेश महामंत्री सुश्री कविता पाटीदार जी भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री वैभव पवार जी के निर्देशानुसार और भारतीय जनता पार्टी उज्जैन ग्रामीण जिला अध्यक्ष माननीय श्री बहादुरसिंह जी बोर मुंडला की सहमति से युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष उमेश जी जाट के द्वारा जिला कार्यकारिणी घोषित की गई जिसमें भाटपचलाना के महेश जी गुर्जर को जिला मंत्री के पद पर नियुक्त किया गया इस मौके पर उनके सभी इष्ट मित्रों द्वारा उनको शुभकामनाएं बधाइयां प्रेषित की गई इस मौके पर महेश गुर्जर द्वारा कहा गया मे संगठन व शीर्ष नेतृत्व का आभारी हूँ जो जिम्मेदारी मुझे दी है उसे मैं पूरी निष्ठा से पूर्ण करूँगा व आपके विश्वास पर खरा उतरने की हर सम्भव पूर्ण प्रयास करूँगा।

### एसडीएम महोदय द्वारा रामनवमी के बाद पुजारियों की मीटिंग रखने का आश्वासन दिया गया

होली मिलन समारोह में मंदिर पुजारियो ने एसडीएम का किया सम्मान समस्याओ के निराकरण हेतु शासन से मांग की



**खाचरोद/ मुरलीदास बैरागी/दैनिक मालवा हैराल्ड।** उज्जैन के खाचरोद तहसील के पटवारीगण एवं अधिकारी कर्मचारियों का होली मिलन समारोह चामुंडा माता मंदिर पर आयोजित किया गया जिसमें खाचरोद तहसील में स्थित मंदिरो के पुजारियो ने खाचरौद के अनुविभागीय अधिकारी महोदय का पुष्पहार पहनाकर सम्मान किया इस मौके पर पुजारियों ने कहा कि काफी वर्षो से प्रशासनिक अधिकारी एवं पुजारियो की बैठक नहीं हुई है तथा अपनी समस्याओं को हल करने हेतु निवेदन किया गया जिस पर एसडीएम महोदय द्वारा रामनवमी के बाद पुजारियों की मीटिंग रखने का आश्वासन दिया गया इस अवसर पर चामुंडा माता मंदिर के पुजारी पंडित नरेंद्र गौतम,पंडित चंद्रशेखर शर्मा,महंत माधवदास बैरागी, रविशंकर शर्मा (राधेगुरु मोकड़ी),अश्विन डिंडोरकर,हेमंत बैरागी महंत नाथूदास बैरागी शिव भारती आदि पुजारीगण उपस्थित रहे।

## छात्राओं को 17 सायकिल नि:शुल्क बांटी



**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** यहां नगर के शासकीय कन्याशाला में शनिवार को निशुल्क सायकिल वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें 17 बालिकाओं को साइकिल बांटी गई। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष मिना शेखर यादव, नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेंद्रसिंह पवार, वार्ड पार्षद अनीता संतोष चौहान व बीईओ माध्वी घुर्रे अतिथि रूप में उपस्थित थे।

नपाध्यक्ष यादव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बेटियों के लिए तरह-तरह की योजनाएं बना रहे हैं। जन्म से लेकर पढ़ाई एवं शादी तक की जिम्मेदारी सरकार निभा रही है।बेटियों को स्कूल जाने के लिए पैदल सफर तय करना पड़ता था। किंतु सरकार ने निशुल्क साइकिल देखकर उनकी यह समस्या दूर कर दी है। उन्होंने बेटियों से पढ़ लिखकर परिवार एवं गांव का नाम रोशन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यालय की 17 छात्राओं को निशुल्क साइकिल बांटी गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में विद्यायल की छात्राएं व स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

नव साक्षरों की परीक्षा आयोजित होगी

## कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने नव साक्षरों को परीक्षा तक लाने हेतु साक्षरता का शुभारंभ किया




**झाबुआ /माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह एवं सीईओ जिला पंचायत अमन वैष्णव द्वारा आज कलेक्टर कार्यालय से नव साक्षरों को परीक्षा तक लाने हेतु साक्षरता रथ को हरी झंडी देकर शुभारंभ किया। भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार 19 मार्च 2023 को झाबुआ जिले में नव भारत साक्षरता अभियान के तहत नवसाक्षरों की परीक्षा आयोजित की जा रही है। कलेक्टर रजनी सिंह एवं सीईओ जिला पंचायत के मार्गदर्शन में यह परीक्षा आयोजित की जा रही है। जिले में 61000 नवसाक्षरों को परीक्षा में सम्मिलित करने का लक्ष्य रखा गया। यह लक्ष्य विकास खंडवार निर्धारित किया गया है। जिसमें सबसे अधिक नवसाक्षर पेटलावद एवं थांदला विकासखंड में सम्मिलित होंगे। जिले में कुल 650 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा का समय सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक रहेगा। नवसाक्षरों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जब भी वह आते हैं। उन्हें परीक्षा में सम्मिलित किया जाएगा। इस हेतु प्रचार प्रसार के लिए साक्षरता यात्रा निकाली गई है। गांव गांव नवसाक्षरों क्षरों को मोटिवेट करके उन्हें परीक्षा केंद्रों पर लाने हेतु सारे संकुल सह समन्वयक, सीईओ, बी आर सी, बी ई ओ, संकुल प्राचार्य जन शिक्षक लगे हुए हैं। नव भारत साक्षरता अभियान के तहत गांव-गांव में प्रत्येक पढ़े लिखे व्यक्ति ने अपने फलिए और अपने परिजनों को पढ़ाने का जिम्मा उठाया है। जिले के गांव में कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने अवगत कराया कि झाबुआ जिले में साक्षरता की आवश्यकता है और इसी आवश्यकता को मद्देनजर रखते हुए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की यह जिम्मेदारी है कि वह निरक्षरता के कलंक को मिटाने में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाए । कलेक्टर ने सभी विभागों एवं सभी समस्त स्वयंसेवी संस्थाओं तथा समस्त शिक्षकों से आह्वान किया है कि अधिक से अधिक नवसाक्षर कक्षाओं में परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित हो और इस महा अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं ।

## कॉलेज चलो अभियान की शुरुआत




**झाबुआ /माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहीद चंद्रशेखर आजाद, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय झाबुआ द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023- 24 में उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल के निर्देशानुसार महाविद्यालय में ई-प्रवेश प्रक्रिया के लिए कॉलेज चलो अभियान 01 मार्च से 31 मार्च 2023 तक चलाया जा रहा है स महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे.सी. सिन्हा एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष खेमसिह जमरा और महाविद्यालय प्रशासनिक अधिकारी डॉ. रविंद्र सिंह के मार्गदर्शन में ÷ कॉलेज चलो अभियान ÷ चलाया जा रहा है । जिसमें शैक्षणिक सत्र 2023- 24 के लिए जिले के सभी स्कूलों के विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों से संपर्क कर ई-प्रवेश प्रक्रिया हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है । इस अभियान के तहत आज दिनांक 18-03- 2023 को जिले के उत्कृष्ट विद्यालय, जो कि जिले की सीएम राइज स्कूल भी है में संपर्क किया गया स महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे सी सिन्हा ने महाविद्यालय की समस्त सुविधाओं एवं संचालित विभिन्न पाठ्यक्रम एवं राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति 2020 के बारे में बताया स महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. रविंद्र सिंह ने शासन की प्रमुख योजनाओं जैसे छात्रवृत्ति, गांव की बेटी, प्रतिभा किरण, मुख्यमंत्री मेधावी छात्र, आवास योजना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी स महाविद्यालय के ई-प्रवेश प्रभारी डॉ. राजू बघेल ने सत्र 2023- 24 की प्रवेश प्रक्रिया को सरल एवं सहज तरीके से छात्रों एवं अभिभावकों को बताया स कॉलेज चले अभियान के नोडल अधिकारी प्रो. जैमाल डामोर ने बताया इस अभियान के तहत जिले के समस्त विद्यालयों को संपर्क किया जाएगा तथा ई-प्रवेश एवं शासन की योजनाओं की जानकारी बैनर एवं पेंफलेट्स के माध्यम से दी जाएगी।

## शासकीय विक्रम महाविद्यालय खाचरौद के भूगोल विभाग एवं अर्थशास्त्र विभाग द्वारा महत्व का अध्ययन कराया गया



**खाचरोद/ मुरलीदास बैरागी/दैनिक मालवा हैराल्ड।** उज्जैन जिले के खाचरोद में शासकीय विक्रम महाविद्यालय खाचरौद के भूगोल विभाग एवं अर्थशास्त्र विभाग द्वारा विश्व बैंक परियोजना के तहत अकादमिक एक्सीलेंस योजना के अंतर्गत बीए एवं एमए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को गांधीसागर बांध मंदसौर एवं धर्मराजेश्वर बौद्ध गुफाओं का शैक्षणिक भ्रमण महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ललिता निगम के निर्देशानुसार अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ लीला बामनिया एवं भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ एम एस निगवाल के मार्गदर्शन में संपन्न कराया गया भ्रमण में डॉ उमेश अग्रवाल डॉ अंतिम रावत एवम जगदीश पोपंडिया साथ रहे भ्रमण में विद्यार्थियों को बिजली उत्पादन एवं बांध का महत्व का अध्ययन कराया गया।

श्री राधारानी गोशाला पहुंच मार्ग को ग्रामवासियो द्वारा मात्र 8 घंटे में मरम्मत कर तैयार किया

## राधारानी गौशाला धाम पहुंच मार्ग कई दिनों से कच्ची सड़क के रूप में होने से इसे व्यवस्थित करने की ओर किसी का ध्यान नहीं था





**खाचरोद/ मुरलीदास बैरागी/दैनिक मालवा हैराल्ड।** उज्जैन के खाचरोद तहसील के गाँव रूनखेड़ा में राधारानी गौशाला समिति रुनखेड़ा तक जाने हेतु प्रधानमंत्री रोड से पहुंच मार्ग करीब 1000 फीट लंबाई कच्ची सड़क थी जिससे गौशाला तक जाने में ग्रामवासियो को परेशानी का सामना करना पड़ता था उक्त सड़क को ग्रामवासियों ने परमपूज्य गुरूदेव 108 संत श्री सुरेश्वरदासजी महाराज के आशीर्वाद और कथावाचक पूज्य देवी चंद्रावलीजी के मार्गदर्शन में जनसहयोग से महज 8 घंटे में सड़क को मिट्टी एवं पत्थर डालकर व्यवस्थित बनाया गया प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि उक्त राधारानी गौशाला धाम पहुंच मार्ग कई दिनों से कच्ची सड़क के रूप में होने से इसे व्यवस्थित करने की ओर किसी का ध्यान नहीं था तब परम पूज्य गुरुदेव के आशीर्वाद से समस्त ग्रामवासीयो के द्वारा इसको व्यवस्थित करने का निर्णय लिया गया तथा प्रधानमंत्री सड़क से राधारानी गौशाला तक केवल 8 घंटे में रोड की मरम्मत कर तैयार किया गया चूंकि 21 मार्च को यहां पर होने वाले विशाल धार्मिक महाकुंभ में अनेक प्रांतो से संतो का आगमन होगा उसी को ध्यान में रखते हुए ग्रामवासियो एवं भक्तो के द्वारा गुरुदेव के आशीर्वाद से यह कार्य पूर्ण किया गया इस सड़क को बनाने में 6 टैक्टर ट्राली और जेसीबी का उपयोग किया गया ट्रैक्टर ट्राली की नि:शुल्क सेवा धनश्यामसिंह देवड़ा, नारायणसिंह चौहान विक्रमसिंह गोहिल,सुमेरसिंह गोहिल,भंवरसिंह गोहिल, कृष्णपालसिंह जी गोहिल, मोतीलाल चौधरी के द्वारा दी गई साथ ही श्रम दान मनोहरसिंह गोहिल मंगलसिंह गोहिल गजराजसिंह गोहिल, विजयसिंह गोहिल, कुशालसिंह चौहान, भारतसिंह गोहिल,लक्ष्मणसिंह देवड़ा,भूपेंद्रसिंह गार्ड, तेजपालसिंह गोहिल धर्मेंद्रसिंह गोहिल नारायण सिंह गोहिल व समस्त रुनखेड़ावासियों की गरिमामयी उपस्थिति में सड़क कार्य पूर्ण हुआ यह जानकारी राजेंद्रसिंह देवड़ा द्वारा प्राप्त हुई।

## आचार्यश्री उमेशमुनिजी की 11वीं पुण्यतिथि जप, तप से मनाई गई

नवकार महामंत्र के पांच दिवसीय सामूहिक जाप हुए

**बदनावर/बखतगढ़/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जैन धर्मावलंबियों के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथजी का जन्म कल्याणक व दीक्षा कल्याणक दिवस, जिनशासन गौरव आचार्यश्री उमेशमुनिजी की 11वीं पुण्यतिथि एवं धर्मदास गणनायक प्रवर्तकश्री जिनेंद्रमुनिजी का 64वां जन्म दिवस श्रीवर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ बखतगढ़ द्वारा जप, तप, धर्म, ध्यान आदि विभिन्न आराधनाओं के साथ मनाया गया। इस प्रसंग पर एक घंटे के पांच दिवसीय नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप का आयोजन हुआ। पांचों दिन एक स्वर में नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप एवं गुरु गुणगान कर गुरु उमेश चालीसा की स्तुति की। इस दौरान आराधक स्तुति में मानो रम गए। जाप आराधना के अंतर्गत प्रथम दिवस झमुबाई दरड़ा एवं उमरावमल दरड़ा ने दूसरे दिन सुजानमल वरमेचा, चंद्रप्रकाश व्होरा ने तीसरे दिन पुष्पाबाई ओरा ने जाप की प्रभावना वितरण का लाभ लिया। इसी तरह चौथे दिन जयंतीलाल वरमेचा, अशोक गादिया, पुखराजमल कटारिया ने एवं पांचवें दिन मांगीलाल डांगी, ताराबाई ओरा, सुजानमल वरमेचा, हेमेंद्र मोदी, वर्धमान बोहरा, राजेश व्होरा की ओर से जाप की पृथक पृथक प्रभावना वितरित की गई। नवकार महामंत्र के जाप के उक्त आयोजन में एक घंटे जाप करने का प्रतिदिन अच्छा लाभ लिया। सभी जाप आराधकों एवं प्रभावना वितरण करने वालो को श्रीवर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ बखतगढ़ की ओर से धन्यवाद एवं साधुवाद प्रेषित किया गया। जाप आराधना के अंतिम पांचवें दिन आचार्यश्री उमेशमुनिजी की 11वीं पुण्यतिथि जप, तप, त्याग से मनाई गई। पुण्यतिथि प्रसंग स्मरणार्थ अखिल भारतीय श्रीचंदना श्राविका संगठन के तत्वावधान में 11वीं ओपन बुक परीक्षा का आयोजन किया गया। इस बार संघहित चिंतक तत्वज्ञश्री धर्मेंद्रमुनिजी द्वारा रचित साहित्य मैं, यह और वह के प्रस्तावना से लगाकर पेज 53 तक में से प्रश्न पूछे गए। उक्त परीक्षा में श्राविकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने ज्ञान में अभिवृद्धि की।

# स्नेह और आत्मीयता के रंगों से सराबोर रहा 'मंदसौर जिला प्रेस क्लब का होली मिलन समारोह'



**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला प्रेस क्लब मंदसौर का होली मिलन समारोह रामटेकरी स्थित प्रेस क्लब परिसर में सआनंद संपन्न हुआ। मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण और पूजन के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ इस अवसर पर हुडको के डायरेक्टर व भाजपा के किसान मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बंसी लाल गुर्जर, जिला कांग्रेस के अध्यक्ष विपिन जैन, संगठन मंत्री राजेश रघुवंशी,रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन प्रीतेश चावला, डॉ भानु प्रताप सिंह सिसोदिया आदि भी उपस्थित हुए। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया,एड एसपी गोतमसिंह सोलंकी, कोतवाली निरीक्षक अमित सोनी, यशोधर्मन नगर थाना निरीक्षक जितेन्द्र पाठक सम्मिलित हुए। स्नेह और आत्मीयता के रंगों से भरे इस रंगारंग होली मिलन समारोह में मीडिया परिवार के सभी बंधुओं के साथ रंग-गुलाल लगाकर आगंतुक महानुभावों ने होली की बधाई तथा शुभकामनाएं व्यक्त की। आरंभ में मंदसौर जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष ब्रजेश जोशी ने कहा कि मंदसौर का मीडिया परिवार सदैव से ही सामाजिक सरोकारों से जुड़ा रहता है हमारे अधिकांश मीडिया साथी सामाजिक सेवा के क्षेत्र में भी सक्रिय रहते हैं यही भाव मंदसौर के मीडिया को विशिष्ट महत्व प्रदान करता है। बन्सीलाल टांक ने होली के रसिया प्रस्तुत किए। पत्रकार मित्रों व आगंतुक अतिथियों ने होली के रंग के साथ ही खूब हास परिहास किए। खूब हंसाया। संचालन पुष्पराज सिंह राणा ने किया आभार राहुल सोनी ने माना।

### अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष वास्तु महासम्मेलन का विद्वानों के विदाई समारोह के साथ हुआ समापन

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** दो दिवसीय 30वां अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष वास्तु महासम्मेलन एवं सम्मान समारोह के दूसरे दिन विद्वानों ने संबोधित किया वहीं सम्मान के साथ विदाई समारोह किया गया। इस महासम्मेलन में भारत देश के अलावा विदेशों से भी 400 से अधिक ज्योतिषाचार्य शामिल हुए। इस दौरान शहर के लोगों की कुंडली भी विद्वानों ने निःशुल्क देखी।महासम्मेलन संयोजक पं. आनंद शर्मा (भाया) ने बताया कि मां शारदा ज्योतिषधाम अनुसंधान संस्थान के पं. दिनेश गुरूजी द्वारा आयोजित महासम्मेलन में मुख्य रूप से पं. केए दुबे पद्मेश कानपुर, विशिष्ट अतिथि डॉ. एचएस रावत दिल्ली, आचार्य अनिल वत्स दिल्ली, डॉ. अजय धाबी दिल्ली, डॉ. विनायक मोदी नगर, पं. योगेंद्र महंत इंदौर, डॉ. दलीप कुमार दिल्ली, डॉ. चंद्रकांत शिववालय दादाजी पूना, डॉ. नितीन गोठी मुंबई, पं. ललित शर्मा दिल्ली, अक्षय शर्मा मोंगा पंजाब मौजूद रहे।

# कोतवाली पुलिस ने चोरी की सात बाईक जब्त की, दो को पकड़ा, एक आरोपी फरार

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड। शहर कोतवाली पुलिस ने चोरी की सात मोटरसाईकिलें बरामद की है। बाईक चोर गिरोह के दो सदस्य को पकड़ा गया है। इसमें एक आरोपी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।**



पुलिस के अनुसार कालाखेत साठिया बस्ती के यहां कार्यवाही करते हुए आरोपी श्यामलाल पिता देवकरण व्यास जाति ब्राह्मण निवासी ग्राम पिपलई थाना गंगधार जिला झालावड एवं आरोपी कन्हैयालाल पिता हीरालाल माली उम्र 33 साल निवासी अमलावद थाना प्रतापगढ़ के कब्जे से हीरो स्पेलेण्डर प्लस बाईक एमपी 14 एमएल 1635 चोरी की मोटर सायकल होने से जब्त की गई। पूछताछ की गई जिसमें मालूम हुआ कि उनका एक और साथी लालू प्रसाद पिता शंकरलाल व्यास है निवासी देवरिया किलोल थाना गंगधार जिला झालावाड है, जो फरार है।

### भाजपा पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र – कुक्षी को जिला बनाओ

# 31 मई से सोमेश्वर पाटीदार करेंगे आमरण अनशन, समर्थन में आ रहे संगठन पदाधिकारी

**आरएसएस ने क्षैत्र के विकास कार्यो जल्दी हो आम जन को क्षैत्र में सुविधा हो इसलिए आर एस एस की मंशाअनुरूप कुक्षी जिला हो क्योंकि धार जिला यहां से दुर भी हे इसलिए कुक्षी को जिला जल्दी बनाया जाए, भाजपा सरकार भी लगाए अपनी मुहर**

**कुक्षी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** धार जिले से पृथक कर कूक्षी को जिला बनाने की मांग ÷कुक्षी जिला बनाओ आंदोलन÷ द्वारा बरसो से की जा रही है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र को वास्तविक विकास की मुख्यधारा में लाने हेतु अब इस मांग को धरातल पर लाना अत्यंत आवश्यक हो गया है।

उपरोक्त बात मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश धाड़ीवाल, पार्षद व भाजयूमो जिला उपाध्यक्ष संजय सिर्वी, भाजपा महिला मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष श्रीमती रेखा प्रफुल्ल जैन, भाजयुमो नगर मंडल अध्यक्ष गौरव बृजवासी ने कही।

पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश धाड़ीवाल द्वारा मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में उल्लेखित है कि, आगामी दिनांक~ 31 मई 2023 को इसी विषय को लेकर लाखों लोगों के हित व विकास हेतु आंदोलन प्रमुख सोमेश्वर पाटीदार अनिश्चितकालीन उपवास (आमरण अनशन) अपनी जान जोखिम में डालकर करेंगे। इनके नेतृत्व में जारी आंदोलन का समर्थन करते हुए मैं भी इनके आमरण अनशन से पूर्व ही कुक्षी को जिला बनाने की मांग करता हूँ।

आरएसएस ने कार्यों की दृष्टि से कुक्षी को जिला माना है और अब सरकार भी अविलंब जिला घोषित करें।









भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष संजय सिर्वी ने भी पत्र लिखकर मुख्यमंत्री से कुक्षी जिला बनाने की मांग करते हुए अनुरोध किया है कि, हर दृष्टि से जिला बनने के लिए उपयुक्त कुक्षी को जिला बनाने से राज्य व केंद्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं के साथ ही विकास की अन्य संभावनाओं से क्षेत्र विकास पथ पर आगे बढ़ेगा।

भाजपा महिला मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष श्रीमती रेखा जैन ने कहा कि, वर्तमान जिला मुख्यालय धार की दूरी अधिक होने से कुक्षी, डही क्षेत्र के लोगों को बहुत परेशानी होती है। कुक्षी को जिला बनाना बहुत ही आवश्यक है।

भाजयुमो नगर मंडल अध्यक्ष गौरव बृजवासी ने कहा कि, अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की उन्नति व खुशहाली हेतु काम करने वाली भाजपा की सोच को जन-जन तक पहुँचाने हेतु कुक्षी को जिला घोषित कर स्थापित कीजिये।

कुक्षी जिला बनाओ आंदोलन प्रमुख सोमेश्वर पाटीदार ने सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए प्रदेश सरकार से विनम्रतापूर्वक अनुरोध किया है कि, कुक्षी को जिला घोषित कर क्षेत्र को बड़ी सौगात दीजिए।

### अग्रवंशीय वूमेंस क्लब द्वारा भव्य गणगौर मेला आज

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में पहली बार सभी समाज की महिलाओं के लिए भव्य गणगौर मेले का आयोजन किया जा रहा है महिलाओं द्वारा आयोजित इस गणगौर मेले में विभिन्न आकर्षक प्रतियोगिता शॉपिंग स्टॉल, व्यंजन के स्टाल रहेंगे

अग्रवंशी उमेश क्लब की संस्थापिका श्रीमती रितु मयूर अग्रवाल ने बताया कि अग्रवंशी वूमेंस क्लब और सिटी प्रेस वह मेंस क्लब द्वारा आयोजित इस मेले में मेले में महिलाओं के लिए कई प्रकार की प्रतियोगिता के साथ आकर्षक उपहार जीसमें चांदी के सिक्के, होम अप्लायंस और महाहाऊजी का आयोजन रखा गया है जिसमें हजारों के नगद पुरस्कार उसका बांटे जाएंगे साथ ही विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टाल भी इस गणगौर मेले में रहेंगे मेले में देशभर से आए हुए विभिन्न शॉपिंग स्टॉल मेले का मुख्य आकर्षण रहेंगे साथ ही मेले में आने वाली सभी महिलाओं को फ्री मेहंदी, फ्री टैटू फ्री लाख की चूड़ियां, एक्सपर्ट द्वारा हेल्थ चेक अप, मारवाड़ी फैशन शो, बेस्ट गणगौर क्वीन, बेस्ट दूल्हा-दुल्हन और भी कई अन्य आकर्षण प्रतियोगिता रखी गई है मेले का आयोजन 19 मार्च रविवार आस्था गार्डन दशहरा मैदान पर रखा गया है संस्था के सभी सदस्यों ने अपील की है कार्यक्रम में पधार कर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## युवक के साथ गई युवती ले गई 1 किलो चांदी, 10 तोला सोना व पौने 2 लाख नकदी समाजजनों ने सौंपा ज्ञापन

**मंदसौर/पिपलियामंडी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** युवक के साथ गई युवती के खिलाफ घर से जेवर ले जाने की शिकायत परिजनों व समाजजनों ने पुलिस थाने पर दर्ज कराई। सेन समाज ने परिजनों के साथ टीआई नरेन्द्र यादव को शुक्रवार को ज्ञापन दिया, जिसमें बताया कि युवती परिजनों को बिना बताए अन्य युवक के साथ चली गई। जो घर स 1 किलो चांदी, 10 तोला सोना व 1 लाख 75 हजार रुपए नकदी भी ले गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी को ले जाने वाला अर्जुन बहाला-फुसलाकर उनकी बेटी को ले गया और जेवरात भी ले गया। कार्रवाई की जाकर जेवर व नकदी दिलाई जाए।

**विवाह कर लिया:–** टीआई नरेन्द्र यादव ने बताया युवक-युवती बालिग है, जिन्होंने विवाह कर लिया है, जिसके दस्तावेज भी प्रस्तुत कर दिए थे, जेवर ले जाने संबंधी शिकायत प्राप्त हुई है, जिसकी जांच की जाएगी।

## नकली सिगरेट बेच रहे थे दो होलसेल व्यापारी, 2 हजार 426 पैकेट जब्त, प्रकरण दर्ज

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मंदसौर की शहर कोतवाली पुलिस ने ब्रान्डेड कंपनी की नकली सिगरेट बेचने के आरोप में शहर के दो होलसेल व्यापारियों पर धोखाधड़ी करने और कॉपीटाइट एक्ट के तहत कार्रवाई की है। शहर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अमित पिता हेमंत जोशी (38) निवासी अमर ग्रीन निरंजनपुर इंदौर ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि शहर में ब्रांडेड कंपनी की नकली सिगरेट का विक्रय किया जा रहा है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुवे शहर के दया मन्दिर रोड़ स्थित न्यू रॉयल सुपारी और कालिदास मार्ग स्थित भगवान सुपारी शॉप से असली सिगरेट की हूबहू कॉपी वाली आईटीसी कम्पनी की नकली गोल्डफ्लेक सिगरेट के 2 हजार 426 पैकेट बरामद किए है जिनकी कीमत 2 लाख 14 हजार 111 रुपये है। मामले में पुलिस ने सुरेश कुमार पिता ताराचंद मोटवानी निवासी दशरथ नगर खुशबू विहार और ललित पिता सुरेश कुमार अलवानी निवासी नाहटा चौराहा मंदसौर के खिलाफकॉपी राइट एक्ट सहित धोखाधड़ी करने और अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

## स्वर्गीय लीलाबाई यादव की स्मृति में सेवा भारती को 101000 का आर्थिक सहयोग



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्वर्गीय माताजी श्रीमती लीलाबाई यादव की स्मृति को अक्षुण्ण बनाएं रखने हेतु सेवा भारती उज्जैन को 101000 का आर्थिक सहयोग किया गया। नंदलालयादव, नारायणयादव, निगम सभापति कलावती यादव और उच्च शिक्षा मंत्री मोहन जी यादव की माताजी का स्वर्गवास विगत दिनों हो गया था। माता जी की पुण्य स्मृति को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए यादव परिवार द्वारा उनके उठावने के कार्यक्रम में सेवा भारती उज्जैन को सेवा कार्यों हेतु 101000 का चेक सेवा भारती के डॉ. रवि सोलंकी को प्रदान किया। इस अवसर पर यादव परिवार के सदस्य व समाजजन उपस्थित रहें।

## 'मध्यप्रदेश में मिलेट्स की उपलब्धता' विषय पर हुआ विशिष्ट व्याख्यान




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 18 मार्च 2023 को शासकीय माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन के स्नातकोत्तर भूगोल विभाग एवं शोध केंद्र व आइ.क्यू.ए.सी. द्वारा ÷मध्यप्रदेश में मिलेट्स की उपलब्धता÷ विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय मान कुंवर भाई कला एवं वाणिज्य स्वशासी महिला महाविद्यालय जबलपुर के प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (भूगोल) डॉ. ब्रह्मानंद त्रिपाठी ने अपने व्याख्यान में बताया कि हमारी पिछली पीढ़ियों मैं प्राय~ मोटे अनाज को खाद्यान्न के के रूप मैं उपयोग किया जाता था परंतु आज पश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में इसका उपयोग न के बराबर हो गया आज की पीढ़ी में फिज्जा, बर्गर, पास्ता, मेमोस आदि का प्रचलन बढ़ गया है जिसके कारण सभी अवस्था के लोगों में स्वास्थ्य की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इसी क्रम में डॉ प्रभाकर मिश्र प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष शासकीय महाविद्यालय, महिदपुर के द्वारा अपने व्याख्यान में मध्यप्रदेश में मोटे अनाज की उपलब्धता पर प्रकाश डाला और बताया कि किस प्रकार मोटे अनाज का सेवन हमारे लिए लाभप्रद है महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे.एल. बरमैया ने मोटे अनाज की विभिन्न किस्मों का विवेचन करते हुए उनकी उपयोगिता की जानकारी दी। अतिथियों को मोटे अनाज की थैलियों भेंट कर विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि हमें अपने दैनिक जीवन में भी मोटे अनाजों को प्रयोग करना है। संयोजक डॉ. रवि मिश्रा द्वारा अतिथि परिचय एवं स्वागत भाषण दिया गया । कार्यक्रम का संचालन भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आर.आर. गोरास्या द्वारा किया गया। आयोजन सचिव डॉ मोहन निमोले द्वारा आभार माना गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. केशवमणि शर्मा, डॉ. डॉ. दिनेश जोशी, डॉ. एल.एस. गोरास्या, डॉ. नीरज सारवान, डॉ. गुलाम हुसैन, डॉ. अल्पना दुभासे, डॉ. राजश्री शेठ, डॉ. संतोष शर्मा, डॉ. संगीता

## 'अंकित ग्राम', सेवाधाम आश्रम संस्थाध्यक्ष डॉ. वेद प्रताप वैदिक को समर्पित




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 'अंकित ग्राम', सेवाधाम आश्रम अध्यक्ष डॉ. वेद प्रताप वैदिक की पावन स्मृति में जिला कलेक्टर के निर्देशन में जिला प्रशासन, सामाजिक न्याय एवम् निःशक्तजन कल्याण, स्वास्थ्य विभाग एवं जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र उज्जैन के सहयोग से दिव्यांगजनों हेतु विशेष शिविर आयोजित किया गया। संस्था द्वारा यह शिविर संस्थाध्यक्ष डॉ. वेद प्रताप वैदिक को समर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। सेवाधाम आश्रम संस्थापक सुधीर भाई ने बताया कि इस विशेष शिविर में 130 (लोकोमोटर दिव्यांग, मंद दृष्टि, दृष्टिहीनता, श्रवण श्रति, मानसिक मंदता, मानसिक रूग्णक एवं बहु दिव्यांग) के पहचान एवं चिन्हांकन उपरांत दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए। इस अवसर पर पर जिला चिकित्सालय उज्जैन से मनोरोग, मेडिसिन, अस्थि रोग, नेत्र रोग, शिशु रोग, शल्य क्रिया, दंत रोग, क्लिनिकल सायकोलोजिस्ट, काउंसलर, हेल्थ एजुकेटर, एन.एम.ए. आदि विभाग से संबंधित चिकित्सक डॉ. अजय निगम, डॉ. रानी थानी, डॉ. सुधीर राठौर, डॉ. दिनेश यादव, डॉ. श्रीमती अदिती सिंह, डॉ. ए.एल. अग्रवाल, डॉ. नीतराज गौड़, डॉ. विचित्रा पंवार, डॉ. पंकज टांक, डॉ. पूनम दूबे, श्री अशोक शर्मा, सुश्री सांईमित्रा चैहान, मनोज टांकले, नारायण अकेला, दशरथ सिंह परमार, विनोद शर्मा आदि एवं जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र की सहयोगी टीम आदि ने अपनी सेवाऐं प्रदान की। इस शिविर को सफल बनाने में सुधीर भाई के नेतृत्व में श्रीमती कांता भाभी, मोनिका दीदी, गोरी दीदी, प्रो. रमनी रंजन पाणिग्राही, डॉ. मनीष शर्मा, शैलेन्द्र कुमावत, प्रकाश पाटीदार, रूपाली पाटिदार, विवेक तिवारी, अवंतिका, ज्योति कुशवाह आदि सहित आश्रम के सम्पूर्ण सेवा सारथियों ने सहयोग किया।

# पंचपुष्प श्री शिव महापुराण कथा की प्रशासकिय स्वीकृति के बाद तैयारी हुई तेज, शनिवार को भी प्रशासनिक अधिकारियों ने किया मुआयना



**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगामी 24 मार्च से शुरू होने वाली 5 दिवसीय संगीतमय पंचपुष्प श्री शिव महापुराण कथा के आयोजन की तैयारी बिगड़ते मौसम के बीच तेज गति से जारी है। आयोजन को लेकर शुक्रवार देर शाम प्रशासनिक स्वीकृति भी मिल गई है स्वीकृति के बाद प्रशासनिक अधिकारियों का प्रतिदिन दौरा भी होने लगा है एवं तैयारीयों का जायजा ले रहे हैं। शनिवार को बदनावर एसडीएम, तहसीलदार एवं सीईओ ने कथा स्थल का मौका मुआयना किया व व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। कथा स्थल पर अपने व्यवसाय की दुकान लगाने वाले व्यवसायी भी कोटेश्वर पहुंचकर आवंटित होने वाली जगह व शुल्क की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। आयोजन को भव्य व सफल बनाने के लिए आवश्यक कमी पेशियों को तीव्र गति से पूर्ण किया जा रहा है। कथा में सुचारू विद्युत व्यवस्था के लिए यहां दो अतिरिक्त अस्थाई ट्रांसफार्मर लगाना सुनिश्चित किया है। स्थापित होने वाले 200 एवं 100 केवी ट्रांसफार्मर से कथा पांडाल, भोजन पंडाल, आवागमन मार्ग,मैला परिसर सहित अनेक आरक्षित स्थानों पर विद्युत आपूर्ति की जाएगी। इसके साथ ही पार्किंग स्थलों को विद्युत आपूर्ति विहीन रखा जाएगा, ताकि शार्ट सर्किट की स्थिति में किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके। शनिवार को एसडीएम मेघा पवार ने कथा स्थल पर आयोजन समिति के राजेंद्र जाट, मिनेश पाटीदार आदि से व्यवस्था अंतर्गत पेयजल, पार्किंग, शौचालय के बारे में विस्तृत जानकारी ली। सदस्यों ने चलित शौचालय के साथ 50 अस्थाई शौचालय निर्मित किए जाने की बात कहीं। कथा के दौरान कोद में आगंतुकों के रुकने वाले क्षेत्र में पंचायत की नालियों की सफाई व जीर्ण शीर्ण नालियों को दुरुस्त करने, मुख्य मार्ग को आवागमन युक्त बनाने के निर्देश सीईओ सौरभ कुशवाहा को दिए। इस अवसर पर तहसीलदार अजमेर सिंह गौड़, राजस्व निरीक्षक ओ पी गोयल आदि उपस्थित थे।

### मुख्य मंच के पीछे एक हाल व 2 रूम तैयार

पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा की जाने वाली शिव महापुराण कथा के मुख्य मंच के पीछे वीआईपी व्यवस्था भी तैयार की गई है। इसके तहत दो रूम एवं एक हॉल तैयार किया गया है। निर्मित इन कमरों के पीछे 9 हजार वर्ग फीट का भोजन पंडाल तैयार किया गया है जहां प्रतिदिन समिति के पदाधिकारियों, सेवकों एवं कथा के दौरान रात्रि में रुकने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन तैयार होना है।भोजन पंडाल के बाजू में भंडार ग्रह भी बनाया गया है।श्रद्धालुओं के भोजन प्रसादी के लिए अलग से टेंट लगाया गया है जहां श्रद्धालु प्रतिदिन भोजन ग्रहण करेंगे।

### मेले के लिए आरक्षित जगह को सीमांकन कर चिन्हित किया

शनिवार को कथा स्थल के बांई और समिति के सचिन पाटीदार की टीम ने आरक्षित खेत में 225 वर्ग फुट आकार की प्रत्येक दुकान के लिए सीमांकित कर लाइन पर चुना डाला गया। व्यवसाईयो से आवंटित की जाने वाली जगह के लिए राशि ली जाएगी या नहीं यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। इधर विद्युत मंडल की टीम ने भी मुक्तिधाम की ओर मुख्य मार्ग के समीप खेत में तिरछे हो रहे इलेक्ट्रिक पोल को दुरुस्त किया।

### 36 हजार वर्ग फिट में तैयार हुआ डोम पांडाल

कथा स्थल पर शनिवार को समाचार लिखे जाने तक 36हजार वर्ग फीट आकार में डोम वाला पांडाल पूर्णत~ तैयार हो चुका है, अगले डोम का ढांचा क्रेन से खड़ा कर दिया गया है, उसको पूर्ण करने की प्रक्रिया जारी है। पांडाल लगाने वाले ठेकेदार की टीम अलग-अलग टुकड़ियों में मंच, सीलिंग टेंट, छत पंखे, चद्दर की दीवार के कार्य को अंजाम दे रही है।जानकारी आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी गोवर्धन सिंह डोडिया खिलेड़ी ने दी।


## कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

### // जाहिर सूचना //

प्राधिकरण की **क्षिप्रा योजना** के अतंर्गत आवासीय उपयोग के भवन/भूखण्ड क्रं. ए-5/11 श्रेणी एलआईजी को लीज होल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) में संपरिवर्तन के संबंध में।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति उज्जैन विकास प्राधिकरण के रिकार्ड में **श्री अजीत कुमार पोखरना पिता श्री राजमल जी पोखरना एवं श्रीमती संतोष पोखरना पति श्री अजीत कुमार पोखरना निवासी - ए-5/11 क्षिप्रा विहार उज्जैन (म.प्र.)** के नाम पर दर्ज है तथा प्राधिकरण कार्यालय में आवेदक ने दिनांक 22/12/2022 को आवेदक के साथ शपथ पत्र मय फोटो आदि प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) में सपरिर्वतन करने हेतु निवेदन किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर प्राधिकारी अभिलेखों में लीज की उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) किये जाने में यदि किसी को भी कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन होने की दिनांक से 15 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय उ.वि.प्रा. उज्जैन भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र, उज्जैन (म.प्र.) में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष में या लिखित में मय दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा मियाद समाप्ति के पश्चात उक्त सम्पत्ति को औपचारिकतायें पूर्ण होने पर अर्थात समस्त दस्तावेजों तथा बकाया राशियों जमा होने पर आवेदन तथा दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) कर दी जावेगी। तद्पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

सहायक सम्पदा अधिकारी
उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

## सम्पादकीय

# तेजी से बढ़ रही खुदकुशी की प्रवृत्ति

**पिछले दिनों देश के पचपन विश्वविद्यालयों के छात्रों में बढ़ते अवसाद और खुदकुशी की प्रवृत्ति पर चिंता जताई गई थी। कुछ तो युवाओं में यह समस्या इसलिए भी तेजी से घर कर रही है कि पढ़ाई-लिखाई कर चुकने के बाद भी उन्हें जीवन जीने का कोई बेहतर जरिया नजर नहीं आता। युवाओं में तनाव, अवसाद और फिर आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति को लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है। इसे रोकने के लिए अनेक उपाय सुझाए गए हैं। तनाव दूर करने के लिए लगातार जागरूकता पैदा करने की कोशिश की जाती है। जगह-जगह सहायता और सलाह केंद्र खोले गए हैं। इसके बावजूद इस समस्या पर काबू पाना चुनौती है। सबसे चिंताजनक स्थिति तो यह है कि जिन चिकित्सकों के माध्यम से अवसाद जैसी स्थितियों से पार पाने की उम्मीद की जाती है, वे खुद इस समस्या से ग्रस्त होकर खुदकुशी करते देखे जाते हैं। ताजा आंकड़े के मुताबिक 2010 से 2020 के बीच साढ़े तीन सौ मेडिकल छात्रों, रेजिडेंट डाक्टरों और चिकित्सकों ने खुदकुशी कर ली। इसे लेकर इंडियन मेडिकल कांग्रेस ने चिंता जताई और चिकित्सकों और अस्पताल प्रबंधन से इस मामले में सकारात्मक वातावरण बनाने की सलाह दी है। चिकित्सकों में बढ़ते अवसाद के पीछे बड़ा कारण उन पर कामकाज का बढ़ता दबाव और तनाव है। आत्महत्या करने वालों चिकित्सकों का विश्लेषण करने से पता चला है कि वे अत्यंत मेधावी थे, सबसे तेज दिमाग थे, मगर उनका मानसिक स्वास्थ्य कमजोर था। वे अपने पेशेवर जीवन में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते थे। चिकित्सा विज्ञान के अनुसार अवसाद अक्सर ऐसे लोगों को जल्दी अपनी गिरफ्त में ले लेता है, जो अतिरिक्त रूप से संवेदनशील, प्राय: मेधावी और कमजोर मानसिक स्वास्थ्य वाले होते हैं। ऐसे लोगों को सामाजिक संबल की बहुत जरूरत होती है। मगर हैरानी की बात है कि चिकित्सा के पेशे में रहते हुए भी लोगों को इस समस्या की पहचान नहीं हो पाती। ऐसा नहीं माना जा सकता कि अवसाद के लक्षण उनके आसपास रहने वाले लोगों को नजर न आए होंगे।अब तो यह भी छिपा तथ्य नहीं है कि अक्सर पढ़ाई-लिखाई, परीक्षा और काम के दबाव में युवाओं का मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है। इसीलिए परीक्षा आदि के समय माता-पिता और अध्यापकों को विद्यार्थियों के प्रति विशेष रूप से ध्यान देने की सलाह दी जाती है। उन्हें स्नेह और प्रोत्साहन पूर्ण वातावरण देने का प्रयास किया जाता है। हैरानी की बात है कि चिकित्सा विज्ञान से जुड़े लोग भी इस मामले में अपने किसी पीड़ित सहकर्मी या सहपाठी के प्रति वैसे ही उदासीन नजर आ रहे हैं, जैसे समाज के सामान्य लोग देखे जाते हैं।अच्छी बात है कि इसे लेकर इंडियन मेडिकल कांग्रेस ने व्यापक रूप से सतर्कता अभियान चलाने की पहल की है। अवसाद हमारे देश में एक गंभीर समस्या का रूप ले चुका है। खासकर युवा इसकी गिरफ्त में जल्दी आ जाते हैं, इसलिए कि उन पर पढ़ाई-लिखाई और पेशे आदि में अव्वल रहने का दबाव अधिक बढ़ा है। उनकी महत्त्वाकांक्षाएं भी बड़ी हैं। माता-पिता और समाज उन्हें अव्वल देख कर प्रसन्न तो होते हैं, उनकी नजीर भी देते हैं, पर उनके मानसिक स्वास्थ्य का अंदाजा लगाने में प्राय÷ विफल साबित होते हैं।इसी का नतीजा है कि मामूली विफलता पर भी कई युवा गहरे अवसाद में चले जाते हैं और धीरे-धीरे आत्महंता हो जाते हैं। पिछले दिनों देश के पचपन विश्वविद्यालयों के छात्रों में बढ़ते अवसाद और खुदकुशी की प्रवृत्ति पर चिंता जताई गई थी। कुछ तो युवाओं में यह समस्या इसलिए भी तेजी से घर कर रही है कि पढ़ाई-लिखाई कर चुकने के बाद भी उन्हें जीवन जीने का कोई बेहतर जरिया नजर नहीं आता। ऐसे में युवाओं को अपनी गिरफ्त में लेती इस समस्या के विभिन्न पहलुओं का बारीक अध्ययन और व्यावहारिक उपायों पर विचार की जरूरत है।**

## सहजयोग मानव की अंतर्निहित शक्तियों को जाग्रत करने की सरल कार्यप्रणाली है



विश्व भर का बुद्धिजीवी वर्ग आज विज्ञान के विकास पर गर्व करता है। हम यह मानते हैं कि विज्ञान के विकास ने अनेक कार्यों को सरल बना दिया है। कुछ सीमा तक यह सत्य भी है। परन्तु एक समानांतर सत्य यह भी है कि विकास के हर चरण के साथ अनेक समस्यायों का उद्भव भी हो रहा है। विकास हमारी सुविधा के लिए है पर मनुष्य इसका दास होता जा रहा है। जीवन की आपाधापी में हम एक पल भी रुककर यह नहीं सोचते कि इस ब्रह्माण्ड का सर्वश्रेष्ठ विकसित यंत्र हम स्वयं हैं। हम अपने कंप्यूटर या रोबोट की विशेषताओं की व्याख्या करते हैं पर यह विचार नहीं करते कि मनुष्य को इतना विकसित व विशेष क्यों बनाया गया है ? हमें विकसित करने वाली शक्ति ने हमसे क्या अपेक्षा की होगी ? सहजयोग संस्थापिका श्री माताजी निर्मला देवी जी ने इसकी व्याख्या करते हुए कहा है कि, आप सभी प्राणियों में सर्वश्रेष्ठ हैं। आप ईश्वर के कार्य की एक बहुत उन्नत मशीनरी की तरह हैं, बहुत उन्नत, अत्यंत तेज और अत्यंत प्रभावी। पर समस्या है आपका यह मस्तिष्क, यह जब बीच में आ जाता है, जो उस बड़े मस्तिष्क (परमात्मा) के आगे कुछ भी नहीं है। आपका दिमाग और कुछ नहीं बस एक छोटे से मच्छर की तरह है, यह इधर-उधर उड़ता है, कहता है, ओह, यह, यह, यह, यह, यह और फिर समस्या शुरू हो जाती है। लेकिन अगर आप वास्तव में अपने भीतर की शक्ति का उपयोग करना शुरू कर देते हैं, तो ईश्वर ने आपको सबसे अच्छा यंत्र बनाया है जिसके बारे में आप सोच सकते हैं। और जैसे-जैसे आप अपनी शक्ति का उपयोग उस ज्ञान और समर्पण या विनम्रता के साथ करना शुरू करते हैं, धीरे-धीरे यह अधिक से अधिक विकसित होने लगता है। सहजयोग आपकी इन्हीं शक्तियों की जागृति व इनसे साक्षात् की कार्यप्रणाली है।

आपको बस खुद को स्वीकार करना है, बस इतना ही। सहज योग उतना ही सरल है। आप मेरे सामने एक सरल प्रश्न पूछते हैं-माँ, क्या मैं आत्मा हूँ, क्या मैं स्वयं अपना गुरु हूँ? आप अपने स्वयं के गुरु हैं, लेकिन आपको पहले आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करना होगा। इससे पहले, माँ आपकी गुरु होती है, लेकिन एक बार जब आप अपना बोध प्राप्त कर लेते हैं, तो आप अपने स्वयं के गुरु हो जाते हैं।

आप विवेक व ज्ञान के प्रकाश में परमात्मा के यंत्र की भांति काम करने लग जाते हैं और तब न कोई समस्या रहती है न ही अभाव। आप स्वयं भी प्रकाशित होते हैं और अपने संपर्क में आने वाले अनेकानेक लोगों को प्रकाशित करते हैं। आप अपने आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट sahajayoga.org.in पर देख सकते हैं।

# जानें क्यों मनाया जाता है गुड़ी पड़वा, क्या है इसका महत्व और इससे जुड़े कुछ रोचक तथ्य

## शास्त्रों की बात, जानें धर्म के साथ



धर्म

पं. सतीश नागर
श्री अन्नपूर्णा अनुष्ठान केन्द्र
मो. 9753585323

गुड़ी पड़वा हमारे देश में बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाता है और इससे जुड़ी कई मान्यताएं भी हैं।आइए जानें इस त्योहार से जुड़े कुछ रोचक तथ्यों के बारे में।

हमारे देश में सभी त्योहारों का अपना अलग महत्व है। जहां एक तरफ होली दिवाली मुख्य त्योहारों के रूप में पूरे देश में समान रूप से मनाए जाते हैं वहीं कुछ ऐसे भी त्योहार हैं जो भारत के कुछ ही क्षेत्रों में बड़ी धूमधाम से मनाए जाते हैं। इन्हीं त्योहारों में से एक है गुड़ी पड़वा। यह मुख्य रूप से महाराष्ट्र में मनाया जाता है इसे संवत्सर पड़वो भी कहा जाता है। गुड़ी पड़वा मुख्य रूप से चैत्र महीने की नवरात्रि तिथि की प्रतिपदा के दिन मनाया जाता है। हिंदू कैलेंडर के अनुसार नव वर्ष की शुरुआत भी इसी दिन होती है। इस साल गुड़ी पड़वा 22 मार्च के दिन मनाया जाएगा और इसी दिन से चैत्र नवरात्रि का आरम्भ भी होगा।

गुड़ी पड़वा मुख्य रूप से मराठी समुदाय में बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाता है। इस पर्व को भारत के अलग -अलग स्थानों में अलग नामों से जाना जाता है। भारत के अलग-अलग प्रदेशों में इसे उगादी, छेती चांद और युगादी जैसे कई नामों से जाना जाता है। इस दिन, घरों को स्वस्तिक से सजाया जाता है, जो हिंदू धर्म में सबसे शक्तिशाली प्रतीकों में से एक है। यह स्वास्तिक हल्दी और सिंदूर से बनाया जाता है। इस दिन महिलाएं प्रवेश द्वार को कई अन्य तरीकों से सजाती हैं और रंगोली बनाती हैं। ऐसा माना जाता है कि घर में रंगोली नकारात्मकता को दूर करती है। आइए आचार्य सतीश जी नागर से जानें गुड़ी पड़वा के इतिहास और इससे जुड़े कुछ रोचक तथ्यों के बारे में।

**गुड़ी पड़वा का महत्व**

गुड़ी पड़वा को अलग-अलग जगहों पर अलग रूपों में चिन्हित किया गया है। कई जगह इसे नए साल की शुरुआत के रूप में मनाया जाता है और इसे ऐसा माना जाता है कि इसी दिन सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा ने ब्रह्मांड की रचना की थी। एक मान्यता के अनुसार सतयुग की शुरुआत भी इसी दिन से हुई थी। वहीं महाराष्ट्र में इसे मनाने का कारण मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज की युद्ध में विजय से है। ऐसा माना जाता है कि उनके युद्ध में विजयी होने के बाद से ही गुड़ी पड़वा का त्योहार मनाया जाने लगा। गुड़ी पड़वा को रबी की फसलों की कटाई का प्रतीक भी माना जाता है।

**गुड़ी पड़वा का अर्थ**

गुड़ी पड़वा नाम दो शब्दों से बना है- 'गुड़ी', जिसका अर्थ है भगवान ब्रह्मा का ध्वज या प्रतीक और 'पड़वा' जिसका अर्थ है चंद्रमा के चरण का पहला दिन। इस त्योहार के बाद रबी की फसल काटी जाती है क्योंकि यह वसंत ऋतु के आगमन का भी प्रतीक है। गुड़ी पड़वा में 'गुड़ी' शब्द का एक अर्थ 'विजय पताका' से भी है और पड़वा का अर्थ प्रतिपदा तिथि है। यह त्यौहार चैत्र( चैत्र अमावस्या की तिथि) शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि मनाया जाता है और इस मौके पर विजय के प्रतीक के रूप में गुड़ी सजाई जाती है। ज्योतिष की मानें तो इस दिन अपने घर को सजाने और गुड़ी फहराने से घर में सुख समृद्धि आती है और पूरे साल खुशहाली बनी रहती है। यह बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक भी माना जाता है।

**गुड़ी पड़वा का इतिहास**

हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, ऐसा माना जाता है कि गुड़ी पड़वा के दिन भगवान ब्रह्मा ने ब्रह्मांड की रचना की थी। इसके अलावा यह भी कहा जाता है कि इस दिन ब्रह्मा जी ने दिन, सप्ताह, महीने और वर्षों का परिचय दिया था। उगादि को सृष्टि की रचना का पहला दिन माना जाता है और इसी वजह से गुड़ी पड़वा पर भगवान ब्रह्मा की पूजा करने का विधान है। कुछ लोगों का यह भी मानना है कि इसी दिन भगवान श्री राम विजय प्राप्त करके वापस अयोध्या लौटे थे। इसलिए यह विजय पर्व का प्रतीक भी है।

**कैसे मनाया जाता है गुड़ी पड़वा**

गुड़ी पड़वा के दिन इस दिन लोग घरों की साफ-सफाई करते हैं और घर के मुख्य द्वार पर रंगोली बनाते हैं। इस दिन मुख्य द्वार पर आम के पत्तों से बना हुआ बंधनवार भी लगाया जाता है। इस ख़ास दिन में महिलाएं अपने घर के बाहर गुड़ी लगाती हैं। ऐसी मान्यता है कि गुड़ी की पूजा करने से घर में सुख समृद्धि आती है। इस दिन कई अलग तरह के पकवान बनाने का विधान है लेकिन मुख्य रूप से इस दिन महाराष्ट्रियन व्यंजन पूरन पोली (पूरन पोली रेसिपी)बनाई जाती है जिसे पूरा परिवार मिलजुलकर खाता है। कुछ जगहों में गुड़ी पड़वा के दिन नीम की पत्तियों को खाने की परंपरा भी है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन नीम की पत्तियों का सेवन करने से कई बीमारियों से मुक्ति मिलती है।

## क्या है गुड़ी, क्यों मनाते हैं गुड़ी पड़वा, ऐसे करें तैयारी

चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा गुड़ी पड़वा या वर्ष प्रतिपदा या युगादि के नाम से जानी जाती है। मान्यता है कि इसी तिथि से हिंदू नववर्ष की शुरुआत होती है। 'गुड़ी' का मतलब होता है- विजय पताका, जबकि 'युग' और 'आदि' शब्दों से मिलकर बना है 'युगादि'। गुड़ी पड़वा चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के नाम से भी जाना जाता है। यह चैत्र महीने के पहले दिन मनाते हैं। इस प्रकार हिंदू नववर्ष का शुभारंभ हो जाता है। चैत्र माह में पड़ने वाले नवरात्र वासंतिक नवरात्र कहे जाते हैं, इन्हीं के साथ ही गुड़ी पड़वा की दस्तक होती है। इस वर्ष गुड़ी पड़वा पर्व 22 मार्च 2023 को पड़ रहा है। गुड़ी पड़वा पर्व से जुड़ी अलग अलग प्रकार की परंपरा, महत्व और रीति-रिवाज के बारे में बताएंगे।

**धार्मिक महत्व**

एक धार्मिक मान्यता के अनुसार, इसी दिन ब्रह्माजी ने सृष्टि का निर्माण किया था इस?लिए गुड़ी पड़वा 'नवसंवत?सर' भी कहलाता है। इसके अलावा महान गणितज्ञ भास्कराचार्य ने इसी तिथि पर सूर्योदय से सूर्यास्त तक दिन, महीने और वर्ष की गणना करते हुए 'पंचांग' भी रचा था। 'गुड़ी पड़वा' के अवसर पर आंध्रप्रदेश में एक विशेष प्रकार का प्रसाद वितरित किया जाता है। मान्यता है कि बिना कुछ खाए-पीए यह प्रसाद जो भी व्यक्ति ग्रहण करता है, वह सदैव निरोगी रहता है, उससे बीमारियां दूर रहती हैं। साथ ही यह प्रसाद चर्मरोग से भी मुक्ति दिलाने वाला होता है। भारत के महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश और कर्नाटक जैसे राज्यों जैसे यह पर्व 9 दिनों तक विशेष विधि विधान और पूजा से मनाने का चलन है। इस उत्सव का समापन रामनवमी के दिन किया जाता है।

**स्वास्थ्य के लिहाज से महत्व**

स्वास्थ्य के लिहाज से भी गुड़ी पड़वा का विशेष महत्व है। मान्यता के अनुसार इस दिन बनाए जाने वाले सभी भोजन स्वास्थ्वर्धक होते हैं। आंध्र प्रदेश में पच्चड़ी, महाराष्ट्र में पूरन पोली जैसे व्यंजन इस पर्व के लिए खासतौर पर बनाए जाते हैं। लोगों में विश्वास है कि खाली पेट पच्चड़ी के सेवन से चर्म रोग दूर होते ही हैं वहीं स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। जबकि पूरन पोली को बनाने में गुड़, नीम के फूल, इमली और आम का इस्तेमाल करते हैं, यह सभी हमारे शरीर के स्वास्थ्य के लिहाज से काफी लाभदायक होते हैं। इस दिन सुबह के समय नीम की पत्तियां खाने की भी परंपरा है। ऐसा करने के पीछे माना जाता है कि इससे हमारे शरीर के खून में मौजूद अशुद्धियां दूर हो जाती हैं।

**किस तरह की जाती है तैयारियां**

गुड़ी पड़वा के दिन लोग घर की साफ-सफाई करने के बाद रंगोली, तोरण द्वार बनाकर घर को सजाते हैं। अपने घर के मुख्य द्वार के आगे एक गुड़ी यानि झंडा रखते हैं। घर में किसी बर्तन पर स्वास्तिक चिंह बनाकर उसको रेशम के कपड़े में लपेट कर रखा जाता है। प्रातःकाल के समय सूर्यदेव की आराधना के साथ ही सुंदरकांड, रामरक्षा स्त्रोत और देवी भगवती के मंत्रों का जाप करके पूजा करने का चलन है।

## इस विधि से मनाते हैं गुड़ी पड़वा

**-सुबह सर्वप्रथम उठकर स्नान आदि के बाद गुड़ी को सजाया जाता है।**

**-शहरों में घर की सफाई की जाती है और गांव में गोबर से घर लीपने का रिवाज है।**

**- मान्यता है कि इस तिथि पर अरुणोदय काल के समय अभ्यंग स्नान करना लाभदायी होता है।**

**-सूर्योदय के पश्चात गुड़ी की पूजा अर्चना की जाती है।**

**-सुर्ख रंगों से रंगोली आदि बनाई जाती है। ताजे फूलों से घर को सजाकर वातावरण को खुशनुमा बनाया जाता है।**

**- गुड़ी पड़वा के दिन पारंपरिक वस्त्र पहनने का भी चलन है। जिसके चलते मराठी स्त्रियां पारंपरिक नौवारी साड़ी (9 गज लंबी साड़ी) तो पुरुष केसरिया या लाल रंग की पगड़ी के साथ कुर्ता-पजामा या धोती-कुर्ता धारण करते हैं।**

**-इस दिन नए वर्ष का भविष्यफल सुनने-सुनाने का भी रिवाज है।**

**- गुड़ी पड़वा पर श्रीखंड और खीर जैसे स्वादिष्ट भोजन बनाए जाने की परंपरा है।**

**-संध्याकाल में लोग समूह में रहकर लेजिम नामक पारंपरिक नृत्य भी करते हैं।**

**19 मार्च 2023 दैनिक राशिफल: जानें मेष से मीन राशियों के लिए क्या लाया है रविवार का दिन**

### मेष राशि

**आज का भविष्य** -शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड से मनोनुकूल लाभ होगा। बेरोजगारी के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। कोई बड़ी समस्या का हल सहज ही होगा। समय अनुकूल है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**उपाय-आज सूर्य को जल दें और मंत्र का जाप करें।**

**शुभ अंक-5**

**शुभ रंग-पर्पल**

### वृषभ राशि

**आज का भविष्य** - विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं। परिवार के किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य पर खर्च होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में नि?श्चितता रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जल्दबाजी न करें।

**उपाय- भगवान शिव को शुद्ध शहद मिलाकर दूध अर्पित करें**

**शुभ अंक-5**

**शुभ रंग-आसमानी**

### मिथुन राशि

**आज का भविष्य**-यात्रा लाभदायक रहेगी। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। आय में वृद्धि होगी। लाभ में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। समय की अनुकूलता का लाभ लें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पारिवारिक चिंता रहेगी। जोखिम न लें।

**उपाय-आक का पौधा घर में लेकर आएँ , लाभ देगा।**

**शुभ अंक-2**

**शुभ रंग-पीला**

### कर्क राशि

**आज का भविष्य**-किसी बड़े काम को करने की तीव्र इच्छा जागृत होगी। आर्थिक उन्नति की योजना बनेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। नए उपक्रम प्रारंभ हो सकते हैं। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा। जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं। थकान व कमजोरी रहेगी।

**उपाय-आज घर में मीठी नीम और तुलसी का पौधा लगाए।**

**शुभ अंक-8**

**शुभ रंग-नीला**

### सिंह राशि

**आज का भविष्य** - धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। दुष्टजनों से सावधान रहें। प्रमाद न करें।

**उपाय-आज जातक रोज पीपल के वृक्ष में जल चढ़ाए।**

**शुभ अंक-5**

**शुभ रंग-पर्पल**

### कन्या राशि

**आज का भविष्य** - विवाद को बढ़ावा न दें। चोट व दुर्घटना के प्रति सावधानी आवश्यक है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बनते कामों में विघ्न आ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। बेकार बातों की तरफ ध्यान न दें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय होगी। फालतू खर्च होगा।

**उपाय-विष्णु भगवान को घी का दीप जलाएंगे तो लाभ मिलेगा।**

**शुभ अंक-5**

**शुभ रंग -हरा**

### तुला राशि

**आज का भविष्य**-कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। शत्रु पस्त होंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। मानसिक बेचैनी रहेगी। सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। ऐश्वर्य के साधनों पर अधिक व्यय होगा।

**उपाय-आज सूर्य को नियमित जल चढ़ाएंगे तो अच्छा रहेगा।**

**शुभ अंक-5**

**शुभ रंग-नीला**

### वृश्चिक राशि

**आज का भविष्य**-किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। समय की अनुकूलता का लाभ लें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। जोखिम न उठाएं। प्रसन्नता रहेगी।

**उपाय-आज हरी वस्तुओं और हरे साग-सब्जी का दान करेंगे तो लाभ मिलेगा।**

**शुभ अंक-6**

**शुभ रंग-लाल**

### धनु राशि

**आज का भविष्य** -कानूनी अड़चन सामने आएगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। बेचैनी रहेगी। व्यर्थ दौड़धूप रहेगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त होगा। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। रोजगार मिलेगा। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे।

**उपाय-आज सूर्यदेव के नाम पर दान-पुण्य करेंगे तो लाभ मिलेगा।**

**शुभ अंक-7**

**शुभ रंग-सफेद**

### मकर राशि

**आज का भविष्य**- कोई बड़ी बाधा उठ खड़ी हो सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें, गुम हो सकती है। विवाद के बढ़ावा न दें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है। मेहनत अधिक होगी। लाभ के अवसर टलेंगे। मानसिक बेचैनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा।

**उपाय-गौ सेवा से काम बनेगा।**

**शुभ अंक-4**

**शुभ रंग-पीला**

### कुंभ राशि

**आज का भविष्य**-लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मेहनत का फल मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। ऐश्वर्य के साधनों पर खर्च होगा। घर-बाहर सुख-शांति रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। प्रमाद न करें।

**उपाय-आज भगवान विष्णु की पूजा और आराधना करें।**

**शुभ अंक-2**

**शुभ रंग-आसमानी**

### मीन राशि

**आज का भविष्य**-भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। बुद्धि का प्रयोग करेंग। कार्य में सफलता मिलेगी। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। लाभ में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। समय सुखपूर्वक व्यतीत होगा।

**उपाय-आज लड्डू गोपाल को मक्खन मिश्री का भोग लगाएं।**

**शुभ अंक-2**

**शुभ रंग-कत्थई**

सदैव प्रसन्न रहिये।
जो प्राप्त है, पर्याप्त है।।

# योग का वैश्विक विस्तारीकरण, वैदिक युग से आधुनिक युग तक



संजीव ठाकुर

भारतीय वैदिक योग विद्या ने अंतराष्ट्रीय स्वरूप ले लिया है, योग अब न सिर्फ भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर ख्याति प्राप्त कर चुका है। भारतीय योग गुरुओं के वर्तमान में लाखों विदेशी शिष्य भी बन चुके हैं।योग एक आत्म केंद्रित शारीरिक क्रिया तथा प्रक्रिया है। इसके लिए किसी विशेषज्ञ की आवश्यकता भी नहीं होती ना किसी महंगी सहायक सामग्री की भी। इसीलिए योग एक रोग निवारक उपाय के रूप में धीरे धीरे व्यापक जन समर्थन प्राप्त करता जा रहा है।

योग प्रक्रिया में किसी अनावश्यक धन खर्च की आवश्यकता भी नहीं है और इसमें किसी विशेषज्ञ अथवा स्पेशलिस्ट व्यक्ति को भारी धन खर्च कर उस से ज्ञान लेने की आवश्यकता भी नहीं है। इसीलिए योग रोग निवारक उपाय की तरह ग्रामीण तथा शहरी भारत आदिवासियों महिलाओं के साथ युवाओं, विद्यार्थियों ,गर्भवती माताओं, किशोरियों आदि में नित नई बीमारियों के उन्मूलन में अत्यधिक उपयोगी साबित भी होता जा रहा है।

योग से न सिर्फ शरीर एवं मानसिक शक्ति में वृद्धि होती है बल्कि इससे आर्थिक लाभ प्राप्त होने लगे हैं ।योग से अर्थव्यवस्था सुधारने की क्षमता भी बढ़ती आंकी गई है। योग से अर्थव्यवस्था को सुधारने में अग्रणी भूमिका निभाने में बहु उपयोगी है। योग गुरुओं के रूप में नए रोजगार का अवसर ग्रामीण टूरिज्म, योग टूरिज्म, विदेशी मुद्रा की प्राप्ति व्यक्ति की उत्पादन क्षमता में बढ़ना और योग सामग्री का नया बाजार विकसित धीरे-धीरे होने लगा है। योग के प्रचार प्रसार होने तथा इसके लाभों को जन जन तक पहुंचाने के परिणाम स्वरुप आम लोगों में योग के प्रति रुचि बढ़ने लगी है ।फल स्वरूप स्कूल कालेजों तथा अन्य कॉरपोरेट सेक्टर के संस्थानों में योग शिक्षकों की मांग बढ़ने की संभावना बलवती हो गई है। बाबा रामदेव, अयंगर स्वामी, सतगुरु स्वामी ,विक्रम योगी जैसे गुरुओं की तरह अन्य योग के गुरुओं की मांग बेरोजगारी को कम करने में सहायक होगी तथा युवाओं को रोजगार का सतत एवं स्थापित रोजगार प्राप्त होगा। योग के प्रचार प्रसार बढ़ने से ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन अर्थ लाभ की प्रक्रिया शुरू होना शुरू होगी तथा ग्रामीण पर्यटन के इजाफे के साथ साथ अन्य क्षेत्र में समग्र रूप से रोजगार बढ़ने की संभावना दिखाई देने लगी है। योग के अवसर शहर के प्रदूषण से दूर ग्रामीण क्षेत्रों की प्राकृतिक छटा के मध्य योग केंद्र स्थापित होने के साथ-साथ यह धन लाभ की योजनाओं को भी सृजित करते जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के कूटनीतिक तथा राजनयिक प्रयत्न के फल स्वरुप संयुक्त राष्ट संघ द्वारा इसे वैश्विक मान्यता प्रदान करने के लिए 21 जून को प्रतिवर्ष वैश्विक योग दिवस मनाने की महत्वपूर्ण शुरुआत की गई। यह अत्यंत महत्वपूर्ण बात है कि भारत के इस संदर्भ में अंतर्राष्टीय योग दिवस बनाने हेतु प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट संघ में सबसे शीघ्रता से प्रस्ताव स्वीकृत किया गया और विश्व के सभी देशों पर का पक्षों ने जिस पर आम सहमति दर्शाई थी। योग वैश्विक स्तर पर चर्चित एवं प्रसिद्ध होने से पश्चिम से लेकर पूरब तक योग की महत्ता पर लोगों ने इसे अपने जीवन का अंग बना कर इसे वरीयता प्रदान करना शुरू कर दिया है। अब हर वर्ष 21 जून को न सिर्फ भारत में बल्कि संयुक्त राष्ट संघ एवं अन्य देशों में भी वैश्विक योग दिवस के रूप में योग प्रक्रिया तथा प्रक्रिया का प्रदर्शन तथा योग क्रिया की जाने लगी है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के पश्चात योग द्वारा बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा की प्राप्ति भी होने लगी है तथा इससे फॉरेन एक्सचेंज भी मजबूत होने लगा जिसके फलस्वरूप योग्य के प्रति पश्चिम के लोगों में बढ़ते आकर्षण ने ही बाबा रामदेव देव जैसे योग गुरु को अंतर्राष्टीय मान्यता प्राप्त हुई है। और यही कारण है कि बड़ी संख्या में विदेशी यात्री भी योग सीखने भारत आते हैं तथा भारत की पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ावा देने लगे हैं। इससे हमारे देश का विदेशी मुद्रा का संचयन धीरे धीरे बढ़ने लगा है। योग के प्रसिद्ध होने के साथ-साथ इसके अनेक केंद्र भारत तथा विदेशों में खुलने से भारत सरकार को विदेशी मुद्रा से भारी आर्थिक लाभ होना भी सुनिश्चित होने लगा है। अतः योग सिर्फ रोग निवारक ना होकर मानसिक, शारीरिक क्षमता को बढ़ाकर अर्थव्यवस्था की स्थिति को सुधारने में सहायक हो गए हैं। इसके साथ ही योग प्रक्रिया के प्रचार प्रसार से योग से संबंधित समस्त सामग्रियों की मांग बढ़ने के साथ-साथ अनेक रोजगार के अवसर में वृद्धि हुई है।

योग वर्तमान में ही नहीं ऐतिहासिक रूप से भी वेदों में भी योग तथा शारीरिक क्रियाओं का विस्तृत वर्णन है।अतः हमें शारीरिक क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था में भी सुधार लाने की आवश्यकता होगी। देश में लगभग सभी स्कूलों कॉलेजों में अब योग शिक्षकों की तथा योग कक्षाओं की अनिवार्यता की जाने वाली है। जिससे देश की आने वाली पीढ़ी तथा देश के आने वाले नागरिक भी स्वस्थ मानसिक एवं शारीरिक क्षमता के साथ अपने रोजगार अवसरों में अपना 100त योगदान प्रदान करेंगे, जिससे भारत में उत्पादक क्षमता में बढ़ने की आशा की जा सकती है। योग से शारीरिक क्षमता बढ़ने के साथ-साथ कार्यकुशलता भी विशेषज्ञता के साथ वृद्धि करती रहती है। योग के लिए केंद्र सरकार तथा राज्य सरकारों को बहुआयामी तथा पंचवर्षीय योजनाओं के साथ कार्य योजना तैयार कर किसके कौशल विकास को बढ़ावा देकर तथा कृषि विकास, उद्योग विकास का लघु एवं मध्यम उद्योग की स्थापना के साथ योग को ग्रामीण क्षेत्रों में वैकल्पिक रोजगार सृजित करने की आवश्यकता होगी। योग की प्रक्रिया तथा इसकी योगिक क्रियाओं से ग्रामीण भारत में बीमारी, कुपोषण, गरीबी पिछड़ेपन, भ्रष्टाचार, अल्प विकास जैसी बुराइयों से बाहर निकलना खुलकर योग को प्रचारित प्रसारित करते हुए आय के साधन का बड़ा स्रोत बनाने की परम आवश्यकता है। दूसरी तरफ केवल सरकारी प्रयासों से ही यह संभव न होकर आम जनता और आम नागरिकों को भी इसमें अथक मेहनत करनी होगी। योग को प्रसारित करने के लिए बड़ी संख्या में रोजगार मूलक प्रशिक्षकों की बड़ी संख्या तैयार करनी पड़ेगी तथा योग को शारीरिक विकास विभाग के लाभ से जोड़कर इसका स्वरूप गैर धार्मिक बनाना होगा यह से इसमें संबंधित विवाद रहित कर समाज के सभी वर्ग मैं यह प्रचारित प्रसारित कर समाज की अर्थव्यवस्था के लिए सार्थक लाभ की तरह बहु उपयोगी हो सके तब ही इसकी संपूर्ण सार्थकता होगी। योग की प्राचीन काल से ही ऐतिहासिक तौर पर सशक्त एवं मजबूत विकसित परंपरा रही है अतः योग के इस महत्व और परंपरा को चिकित्सा अर्थव्यवस्था विदेशी मुद्रा की प्राप्ति में अधिकाधिक लाभ उठाने का साधन बनाना होगा।

# बूथ को सशक्त बनाना ही प्रत्येक कार्यकर्ता का लक्ष्यः शर्मा

## बूथ सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत शहर आए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष

**शाजापुर/दैनिक मालव हेराल्ड।** भारतीय जनता पार्टी के बूथ सशक्तिकरण अभियान-2 के अंतर्गत भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा शनिवार को शाजापुर पहुंचे। यहां पहले शाजापुर रेस्ट हाउस पर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर पनवाड़ी मंडल के ग्राम सुनेरा में बूथ क्रमांक 98 पर पहुंचे और बूथ समिति की बैठक लेकर बूथ सशक्तिकरण अभियान -2 की संपूर्ण जानकारी से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया।



भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विजय जोशी ने बताया की प्रदेश के साथ शाजापुर जिले में भी बूथ सशक्तिकरण अभियान पार्ट-2 चल रहा है, जिसमे जिले के 834 ही बूथों पर कार्यकर्ता पहुंचकर बूथ समिति बनाकर उसका डिजिटलाइजेशन कर रहे है। अभियान के इस क्रम में शनिवार को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं उज्जैन संभाग के प्रभारी आलोक शर्मा शाजापुर आए और यहा पहले पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए कहा की प्रत्येक बूथ को भाजपामय बनाने के लिए 51 प्रतिशत वोट शेयर का जो लक्ष्य हमें पूरा करना है वह बूथ सशक्तिकरण अभियान की सफलता से पूरा होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथों को सशक्त करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा की बूथ विस्तारक अभियान 1 को जिस तरह हमने फिजिकल और डिजिटल तौर पर सफल बनाया। उसी प्रकार हमें बूथ विस्तारक अभियान-2 को भी सफल बनाना है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक नायक, प्रदेश मंत्री क्षितिज भट्ट, पूर्व विधायक अरुण भीमावद, जिला महामंत्री दिनेश शर्मा, संतोष बराड़ा, शिवनारायण पाटीदार, विधानसभा विस्तारक गौरव तोमर, विलास बिडवाले, विवेक शर्मा, नवीन राठौर, प्रेम जैन, विपुल कसेरा, चेतना शर्मा, रामचंद्र भावसार, किरण ठाकुर, मनोहर विश्वकर्मा, शीतल भावसार, विक्रम मालवीय, दिलीप त्रिवेदी, रामेश्वर चौधरी, नारायणसिंह राजपूत, प्रतापसिंह गोहिल, घिसू सिंह ठाकुर, कालूराम केम, कैलाश राठौर, अर्पित परिहार, कोशल कसेरा, राहुल जैन, राजेंद्र गवली, अजय उदासी, प्रशांत चौहान आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# विशाल रक्तदान शिविरों के सफल क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को सौंपे दायित्व

**शाजापुर/दैनिक मालव हेराल्ड।** जिला प्रशासन द्वारा शहीद दिवस के उपलक्ष्य में 21 मार्च को जिले में 22 स्थानों पर विशाल रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर दिनेश जैन ने रक्तदान शिविरों पर रक्तसंग्रहणकर्ता टीम के साथ समन्वयक एवं टीम के शिविर स्थल पर समय पर पहुंचने तथा चिकित्सा संबंधी अन्य आवश्यक कार्यवाही के लिए जिला चिकित्सालय के रक्तकोष अधिकारी डॉ. एसडी जायसवाल को संपूर्ण रक्तदान शिविर के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाकर राजस्व अधिकारियों एवं अन्य जिला अधिकारियों को रक्तदान कैम्प के सुचारू संचालन के लिए पाबंद किया गया है।

रक्तदान शिविर स्थलों पर अपने-अपने क्षेत्रों में संपूर्ण आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए अनुविभागीय अधिकारी शाजापुर नरेन्द्रनाथ पाण्डेय एवं शुजालपुर सत्येन्द्रप्रसाद सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। रक्तदान का समय प्रातः 9 से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। शाजापुर अनुविभाग के शिविर स्थल जिला चिकित्सालय परिसर शाजापुर के लिए प्रभारी भू-अभिलेख अधीक्षक अकलेश मालवीय, बीकेएसएन महाविद्यालय के लिए नायब तहसीलदार पंकज पवैया, अंबेडकर भवन शाजापुर के लिए नगरपालिका सीएमओ अशफाक खान नियुक्त किया गया है।

# खसरा निर्मूलन अंतर्गत एनएनम, सीएचओ व सेक्टर सुपरवायईर्स की बैठक संपन्न

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला स्वास्थ्य अधिकारियों ने शनिवार को भीकनगांव सेक्टर की प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बमनाला में खसरा निर्मूलन के अंतर्गत समस्त एएनएम, सीएचओ, सेक्टर सुपरवाईजर, आशा सहयोगिनी की समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक के दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा होम डिलेवरी, टीकाकरण, एएनसी पंजीयन की सब सेन्टरवाईज समीक्षा की गई। वहीं जिला मलेरिया अधिकारी ने मलेरिया स्लाईड की समीक्षा की। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीएस चौहान, जिला कम्यूनिटी मोबिलाईजर, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, बीईई गजानन लहाने, मलेरिया निरिक्षक आपसिंह सोलंकी, सुपरवाईजर दिनेश वर्मा, लेब टेक्निशियन सचिन वर्मा, रोशनी भलराय, युनुस खान सेक्टर बैठक में उपस्थित रहे।

# भावसार समाज आज मनाएगा मां हिंगलाज का प्रकटोत्सव



**शाजापुर/दैनिक मालव हेराल्ड।** भावसार समाज रविवार को कुलदेवी मां हिंगलाज का प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाएगा। इस अवसर पर समाजजन नगर के प्रमुख मार्गो से एक चल समारोह निकालेंगे। इसके साथ ही विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

समाज के अध्यक्ष तुलसीराम भावसार ने बताया कि रविवार शाम 5 बजे भावसार मोहल्ला स्थित मां हिंगलाज माता मंदिर भावसार धर्मशाला से समाजजनों का फुलपाती समारोह निकाला जाएगा। यह चल समारोह माता मंदिर से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होता हुआ पुलिस लाइन रोड स्थित श्रीराम मंदिर पहुंचेगा। यहां पर भगवान का पूजन करने के बाद चल समारोह पुनः धर्मशाला प्रांगण पहुंचेगा। धर्मशाला परिसर में शाम 7 बजे समाज के वरिष्ठों का सम्मान किया जाएगा। इसके पश्चात समाज की कुलदेवी मां हिंगलाज की महाआरती की जाएगी। तत्पश्चात समाजजनों के सहभोज का आयोजन होगा। सभी समाजजनों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील समाज अध्यक्ष तुलसीराम भावसार सहित अन्य ने की है।

# पुरानी रंजिश को लेकर किया हमला



**शाजापुर/दैनिक मालव हेराल्ड।** आपसी रंजिश के चलते कुछ लोगों ने एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया, जिसे 108 एम्बुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम देवली निवापसी विष्णुप्रसाद मालवीय की गांव के ही कुछ लोगों से पुरानी रंजिश चली आ रही है। इसी के चलते शुक्रवार रात करीब 9.30 बजे 4 से 5 लोगों ने एकमत होकर विष्णुप्रसाद के सिर पर लाठी व डंडों से हमला कर घायल कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची 108 एम्बुलेंस के पायलेट प्रतापसिंह राजपूत और ईएमटी अफजल खान ने घायल को प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल में भर्ती किया है।

# बीकेएसएन कॉलेज के प्राध्यापकों ने चलाया कॉलेज चलो अभियान



**शाजापुर/दैनिक मालव हेराल्ड।** उच्च शिक्षा विभाग सत्र 2023-24 की ई-प्रवेश प्रक्रिया हेतु शुक्रवार को बीकेएसएन शासकीय महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ. आरकेएस राठौर के नेतृत्व में कॉलेज चलो अभियान शुरू किया गया। इस दौरान अभियान एवं ऑनलाईन प्रवेश के नोडल अधिकारी डॉ अरूणकुमार बोड़ाने एवं समिति सदस्य डॉ एसके तिवारी, डॉ दिनेश निंगवाल ने जिला शिक्षा अधिकारी विवके दुबे से मिलकर नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत होने वाले ई-प्रवेश प्रक्रिया के बारे में बताया। उक्त योजना के अंतर्गत डॉ अरूणकुमार बोड़ाने ने ई-प्रवेश एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में जानकारी देकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति की पीपीटी एवं ई-प्रवेश के निर्देशों की हार्डकॉपी भी जिला शिक्षा अधिकारी को प्रदान की। डॉ तिवारी ने कॉलेज के उपलब्ध संसाधनों और स्टॅाफ के बारे में बताया। वहीं डॉ. निंगवाल ने हितग्राही योजनाओं से अवगत कराया।

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें पहुँची मुख्यमंत्री तक दिया गया ज्ञापन

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** खरगोन में सीएम हेल्पलाइन का दुरुपयोग कर ब्लैकमेल करने का मामला मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान तक पहुँचा। गत दिवस मुख्यमंत्री श्री चौहान को अनकवाड़ी हेलीपेड पर एक दल द्वारा ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि कुछ लोगों द्वारा एक ही शिकायत को एक ही व्यक्ति द्वारा अलग-अलग नम्बरों से दर्ज कराया जाता है। साथ ही किसी शिकायत को एक बार संतुष्टिपूर्वक बंद करने के बाद पुनः दर्ज कराई जा रही है। एक ही व्यक्ति विभिन्न स्थानों की 100 से अधिक शिकायतें की जा रही है। शिकायत दर्ज कराने वाला व्यक्ति किसी अन्य स्थान का है और शिकायतें कही और कि होती है।

# सुबह खिली धूप, दोपहर में बारिश के साथ गिरे चने आकार के ओले

## सुबह खिली धूप, दोपहर में बारिश के साथ गिरे चने आकार के ओले ›› अभी नहीं मौसम खुलने के आसार, 21 तक जारी रहेगा बारिश का दौर

**शाजापुर/दैनिक मालव हेराल्ड।** शहर में शनिवार को एक बार फिर मौसम के तेवर बदल गए। सुबह धूप खिली तो दोपहर में झमाझम बारिश के साथ चने के आकार के ओले भी गिरे। आगामी 21 मार्च तक मौसम इसी तरह का बना रहने की संभावना है। शनिवार को भी करीब 3 से 4 एमएम वर्षा दर्ज की गई।



इसके पहले सुबह भी आसमान पर बादलों का डेरा था, लेकिन सुबह करीब 9 बजे आसमान साफ हो गया था। अनुमान था कि मौसम साफ रहेगा, लेकिन दोपहर बाद अचानक आसमान पर बादलों का डेरा लगा और कुछ ही देर बाद बारिश शुरू हो गई। बारिश के साथ चली तेज आंधी के साथ कुछ देर के लिए ओलावृष्टि भी हुई। तेज हवा के साथ गिरे ओले के कारण सड़क पर जैसे सफेद बर्फ की चादर सी बिछ गई थी। कुछ देर के बाद जब बारिश थमी तो लोगों को सर्दी का एहसास होने लगा। हालांकि कभी धूप कभी छांव से मौसम खुशनुमा हो गया। मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि आगामी 21 मार्च तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा। इस दौरान कहीं-कहीं बारिश भी जारी रहेगी।

### आधे शहर में बारिश, आधे में बूंदाबांदी भी नहीं

शनिवार दोपहर को बारिश से सड़कों से भी पानी बह निकला। लेकिन शहर के रेलवे स्टेशन के दूसरी ओर पानी की एक बूंद तक नहीं गिरी। जबकि आधे शहर में तेज बारिश व ओलावृष्टि हुई और आधा शहर सूखा ही रहा। मौसम विशेषज्ञ ने बताया कि जहां दबाव ज्यादा था वहां बारिश हुई है। उन्होंने बताया कि रात मे भी बारिश की संभावना है।

### चने आकार के गिरे ओले

शनिवार को बारिश के साथ ही तेज हवा भी चलने लगी। कुछ देर बाद ओलावृष्टि भी शुरू हो गई जो करीब 5 मीनिट तक जारी रही। मौसम विभाग की माने तो ओलावृष्टि की संभावना नहीं है, लेकिन शहर में बारिश का दौर ऐसे ही जारी रहेगा।

# संपत्ति कर जमा न करने पर 04 फेक्ट्रीयां की सील

## 35 बकायादारों के वसूली वारंट जारी कर 12 नल संयोजन किये विच्छेद

### नपा ने वसूले करीब 8.53 लाख रूपये

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** वित्तिय वर्ष 2022-23 के लक्ष्यानुसार राजस्व वसूली कार्यवाही युद्ध स्तर पर वसूली -अमले द्वारा की जा रही है। वसूली अभियान के तहत जिन बकायादारों को बकाया राशि के बिल मांग पत्र सूचना पत्र जारी करने के उपरांत भी राशि जमा नहीं कराई है। ऐसे संपत्तिकर बकायाधारियों से राशि वसूली के लिए मप्र नपा अधिनियम 1961 की धारा 167 की उपधारा 2 के अधिन चल अचल संपत्ति जप्ती कुर्की की कार्यवाही की गई। वहीं बकाया राशि वसूली के लिए संबंधित स.रा. निरीक्षक के नाम वसूली वारंट जारी किये गये है। वसूली वांरट के पूर्व संबंधितों को 24 घंटे की अंतिम हिदायत देकर बकाया राशि जमा करने के लिये सूचित किया गया है। इसी के साथ ही जलकर/दुकान किराया बकायाधारियों के विरुद्ध भी कठोर कार्यवाही कर वसूली वांटर जारी किये गये है। जिन पर कुर्की तथा नल कनेक्शन विच्छेद जैसी कार्यवाही की जा रही है। शनिवार को नपा ने 4 जिनिंग व अन्य फेक्ट्रीयों को सील किया है। साथ ही जलकर बकाया होने से वसूली वारंट जारी किये गये है।नपा सीएमओ श्रीमति प्रियंका पटेल ने बताया कि बकाया वसूली अभियान तहत संपत्ति कर बकायादारों के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की है। साथ ही संपत्तिकर बकायादारों के विरुद्ध 19 सती पत्र वारंट जारी किये जा चुके हैं जिनमें से एक बकायादार के द्वारा राशि का भुगतान किया है। शेष बकायादारों के द्वारा राशि जमा नहीं की जाने पर वारंट वसूली के माध्यम से जप्ती/कुर्की की कार्यवाही जावेगी। वहीं अन्य बकायादारों के विरुद्ध भी कठोर कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। सीएमओ श्रीमती पटेल ने कहा कि कि वसूली के अंतर्गत की गई कार्यवाही में संपत्ति कर बकायादारों के 19 सख्ती पत्रों (वारंट) के साथ ही जलकर के 35 सख्ती पत्र भी जारी किये हैं। दुकान किराया बकायादारों से भी वसूलीकर्ता निरंतर वसूली के लिये प्रयासरत है। बकाया जमा नहीं कराने पर दुकान किराया बकायाधारियों के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित है।

राजस्व अधिकारी श्री महेश वर्मा ने बताया कि वसूली अभियान के तहत शनिवार को 3 बकायादारों से एक लाख से अधिक, एक लाख से कम राशि वाले एक बकायादार की अचल संपत्ति सील की जाने की कार्यवाही में निम्नांकित व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को सील किया गया। इनमें गौतम समुह जिनिंग वार्ड 33 रहीमपुरा खरगोन बकाया राशि 135397 रू., मनीष ट्रेडर्स जुलवानिया रोड वार्ड 33 बकाया 125677 रूपये, बालाजी जिनिंग प्रो. संजय अग्रवाल वार्ड 33 बकाया राशि 104224 रूपये तथा तिरुपति फायबर्स जुलवानिया रोड वार्ड 33 बकाया राशि 89859 रूपये का भुगतान बिल मांगपत्र, अंतिम सूचना पत्र जारी करने के उपरांत भी नहीं किए जाने से अचल संपत्ति सील की गई है।

5 वसूली टीम के द्वारा बकाया राशि का भुगतान नहीं किये जाने से वार्ड 33 रहीमपुरा में 12 नल कनेक्शन, वार्ड 6, 7 और 8 वार्ड में 3 नल कनेक्शन विच्छेद किए गए। इनमें दिनेश छितु गांगले बकाया 9700 रूपये, राजश्री चंदनसिंग बकाया 8200, मालतीबाई रज्जु बकाया 8200, गणेश वर्मा बकाया 7800, शंकर कालू 7500, नियादिर मोहम्द बकाया 7400, सुनिल मांगीलाल बकाया 7200, मनीषा हीरालाल बकाया 6800, सलीम बरकत शाह बकाया 6800, एहमद खा शाह बकाया 5500, शेरू सत्तार शाह बकाया 5300, मजिद बरकत शाह पर नल कनेक्शन के 5650 रूपये बकाया नहीं चुकाने पर नल कनेक्शन विच्छेद किए गए। नपा ने कार्यवाही के दौरान लगभग 8.53 लाख की चालु एवं बकाया राशि की वसूली भी की गई राजस्व अधिकारी श्री वर्मा बताया कि निकाय द्वारा वसूली के लिये युद्ध स्तर पर जप्ती/कुर्की, नल कनेक्शन विच्छेद करने तथा बकायादारों के नामों का सार्वजनिक प्रकाशन कराया जा रहा है। लक्ष्य अनुरूप वसूली करने के लिए निकाय द्वारा निरंतर कार्यवाही व शत प्रतिशत वसूली की जाने के प्रयास किए जा रहे है।

# सद्भावना का संदेश खरगोन से पूरे प्रदेश में जायेगा

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री शिवराज सिंह वर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को मार्च माह में मनाए जाने वाले त्योहारों के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर श्री वर्मा ने शांति समिति के सदस्यों से कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाले आपत्तिजनक मैसेजेस हम सब मिलकर रोक सकते हैं। किसी भी ग्रुप में ऐसे संदेश देखे जाए तो तत्काल पुलिस के संज्ञान में लाएं और आगे प्रसारित नहीं हो इसकी जिम्मेदारी लेनी होगी। साथ ही सोशल मीडिया और कंट्रोल रूम के लिए हेल्पलाइन नम्बर जारी किया जाएगा। एसपी श्री धर्मवीर सिंह ने सदस्यों से कहा कि सोशल मीडिया की निगरानी के लिए एक विशेष दल बनाया गया है जो हर समय सोशल मीडिया को वॉच कर रहे है। इसके लिए विशेष सामग्री भी उपयोग की जा रही है। रामनवमी पर निकलने वाले श्रीराम जुलूस का स्वागत शहर के सभी समाजों द्वारा जगह जगह पर स्वागत करते हुए फूल बरसाए जाएंगे। शांति समिति के सदस्य श्री अजीजुद्दीन शेख ने कहा कि मुस्लिम समाज द्वारा कई स्थानों पर स्वागत करेगा। इस बार खरगोन से पूरे प्रदेश में शांति सद्भावना का संदेश दिया जाए।

# एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित






**शाजापुर/दैनिक मालव हेराल्ड।** शनिवार को पुलिस कंट्रोल रूम में विवेचको का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर एवं एएसपी टीएस बघेल ने किया। न्यायाधीश आशीष परसाई सीजेएम शाजापुर एवं न्यायधीश अनिरुद्ध जैन जेएमएफसी शाजापुर, सचिन रायकवार एडीपीओ शाजापुर, दीपा डोडवे एसडीओपी शाजापुर, विक्रमसिंह भदोरिया रक्षित निरीक्षक ने विवेचको को विवेचना से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस दौरान कोतवाली थाना प्रभारी संतोष वाघेला, लालघाटी थाना प्रभारी आरके सिन्हा एवं सभी थानों के विवेचक उपस्थित रहे।

# परीक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने पर होगी एफआईआर



**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मप्र में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा ड्यूटी पर तैनात कुछ शिक्षकों ने कथित तौर पर परीक्षा प्रोटोकॉल के निर्देशों का पालन नहीं किया है। परीक्षा केंद्रों पर तैनात अमले ने परीक्षा के पेपर की तस्वीरें लीं और इसे बाहर के लोगों को दिया गया। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इस तरह का उल्लंघन सामने आने पर समस्त कलेक्टर्स को निर्देश प्रसारित किए गए। फ़ोटो लेकर भेजना यह परीक्षा प्रोटोकॉल के निर्देशों का घोर उल्लंघन है। ऐसे दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी और उन्हें तुरंत गिरफ्तार किया जाए। प्रेस को भी की गई कार्रवाई से अवगत कराया जाए और बताया जाए कि ऐसी घटनाओं को पेपर लीक नहीं माना जाता है। इस सम्बंध में कलेक्टर श्री शिवराज सिंह वर्मा ने समस्त एसडीएम को परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश जारी किए है। खरगोन एसडीएम ने शनिवार को सेगांव जनपद के परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर पालन कराने के निर्देश दिए है।

# थाने से परीक्षा केंद्र तक पेपर पहुंचाने के लिए दी पटवारियों को जिम्मेदारी

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मप्र के मुख्य सचिव के निर्देशों के पालन में जिले के 97 परीक्षा केन्द्रों में मंडल परीक्षाओं को निर्विघ्न संपन्न कराने के लिए प्रश्न-पत्रों की गोपनीयता विश्वसनीयता व शुचिता बनाये रखने के लिए पटवारियों को थाने से परीक्षा केन्द्रों तक पेपर पहुंचाने हेतु नियुक्त किया गया है। इस सम्बंध में कलेक्टर श्री शिवराज सिंह वर्मा के निर्देशों पर अपर कलेक्टर श्री जेएस बघेल ने केन्द्राध्यक्षों के साथ पेपर परीक्षा केंद्रों तक पहुँचाने के लिए पटवारियों नियुक्ति आदेश जारी कर दिये है। नियुक्त पटवारी प्रातः परीक्षा प्रारंभ होने से पहले थाने पर पहुंचकर परीक्षा हेतु नियुक्त केन्द्राध्यक्ष के साथ थाने से उस दिवस का पेपर का सील्ड लिफाफा निकलवाकर संबंधित परीक्षा केन्द्र पर पहुंचेंगे तथा परीक्षा केन्द्र पर पेपर प्रारंभ होने तक परीक्षा केन्द्रों पर रहेंगे तथा प्रतिदिन के प्रतिवेदन से श्री हेमंत वडनेरकर (9425980631) जिला शिक्षा अधिकारी खरगोन को अवगत करावेंगे।

# 12वीं के 17309 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा, 585 रहे परीक्षा में अनुपस्थित

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शनिवार को बोर्ड परीक्षा अंतर्गत हायर सेकेण्डरी कक्षा 12वीं का रसायन शास्त्र, इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, ऐली ऑफ साईन्स एण्ड मेथेमेटिक्स यूसफूल फार एग्रीकल्चर, ड्राईंग एण्ड पेंटिंग, गृह प्रबंध पोषण एवं वस्त्र विज्ञान तथा वोकेशन कोर्स का तृतीय प्रश्न पत्र की परीक्षा संपन्न हुई। कंट्रोल रूम प्रभारी श्री हबीब बेग मिर्जा से प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा जिले के 89 केन्द्रों पर आयोजित हुई। इन परीक्षा केन्द्रों पर नियमित व स्वाध्यायी से सहित कुल 17894 विद्यार्थियों की संख्या दर्ज की गई थी। शनिवार को आयोजित हुई परीक्षा में नियमित 13730 एवं स्वाध्यायी 3579 सहित कुल 17309 विद्यार्थियों ने इन विषयों को पेपर दिया है। जबकि 585 विद्यार्थी परीक्षा के दौरान अनुपस्थित रहे।

# भांग और भांगघोटा दुकानों के नवीनीकरण के लिए आवेदन 21 मार्च तक

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** खरगोन जिले में भांग और भांगघोटा की फुटकर बिक्री की दुकानों के नवीनीकरण के लिए 21 मार्च तक आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त श्री अभिषेक तिवारी ने बताया कि भांग और भांगघोटा दुकानों के निष्पादन की कार्यवाही जिला कलेक्टर के माध्यम से की जाएगी। इन दुकानों की निष्पादन की कार्यवाही में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति नियत तिथि तक आवेदन आंमत्रित कर सकते है। वहीं इच्छुक आवेदक भांग और भांगघोटा दुकानों के नवीनीकरण व नियम संबंधी जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में जिला आबकारी सहायक आयुक्त कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं।

# खसरा निर्मूलन अंतर्गत एनएनम, सीएचओ व सेक्टर सुपरवायईर्स की बैठक संपन्न

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला स्वास्थ्य अधिकारियों ने शनिवार को भीकनगांव सेक्टर की प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बमनाला में खसरा निर्मूलन के अंतर्गत समस्त एएनएम, सीएचओ, सेक्टर सुपरवाईजर, आशा सहयोगिनी की समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक के दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा होम डिलेवरी, टीकाकरण, एएनसी पंजीयन की सब सेन्टरवाईज समीक्षा की गई। वहीं जिला मलेरिया अधिकारी ने मलेरिया स्लाइड की समीक्षा की। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीएस चौहान, जिला कम्यूनिटी मोबिलाईजर, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, बीईई गजानन लहाने, मलेरिया निरिक्षक श्री आपसिंह सोलंकी, सुपरवाईजर श्री दिनेश वर्मा, लेब टेक्निशियन सचिन वर्मा, रोशनी भलराय, युनुस खान सेक्टर बैठक में उपस्थित रहे।

# पचोर के मयंक एवं अनिरुद्ध ने अद्वैत युवा शिविर 2023 में किया राज्य का प्रतिनिधित्व





**पचोर/ हेमन्त कुमार शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ÷अद्वैत युवा शिविर 2023 में पचोर के युवा मयंक शर्मा (अधिवक्ता - म.प्र. उच्च न्यायालय, इंदौर) एवं अनिरुद्ध चौधरी (अध्यक्ष - युवा हिन्दू उत्सव समिति, पचोर) ने अद्वैत वेदांत, तत्वबोध का अध्ययन किया। आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा 10 दिवसीय अद्वैत युवा शिविर का आयोजन 5 से 15 मार्च तक शिवानंद आश्रम, अहमदाबाद (गुजरात) में संपन्न हुआ। शिविर में देश विदेश से 50 युवाओं का चयन किया गया। परम पूजनीय स्वामी परमात्मानंद सरस्वती जी ने गुरुकुल पद्धिति से अद्वैत वेदांत, तत्वबोध शिक्षा दी। अद्वैत युवा शिविर 2023 में अद्वैत वेदांत, भारतीय संस्कृति की मूल अवधारणा, योग खेल एवं एक दिवसीय पावागढ़ शक्तिपीठ महाकाली माँ के मंदिर यात्रा भी युवाओं को कराई गई। शिविर के अंतिम दिन गुरूपरम्परा के अनुसार गुरु पूजन हुआ। सभी ने अपना अनुभव भी साझा किया। मयंक और अनिरुद्ध ने सभी को बताया कि वे किस प्रकार युवाओं के बीच सक्रिय रह कर धर्म एवं राष्ट्रहित के कार्य कर रहे है। स्वामी जी के द्वारा सभी युवाओं को प्रमाण पत्र दिए गए। मयंक एवं अनिरुद्ध ने बताया की जो भी शिक्षा वे शिविर से लेकर आए है, वे अपने नगर में साथी युवाओं के साथ साझा करने का प्रयास करेंगे। नगर एवं जिले के लिए यह गौरव का विषय है, सभी नगर वासियों ने दोनों युवाओं को शुभकामनाएं दी।

## विश्व ग्लूकोमा दिवस पर राजभवन में लगा निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

### राज्यपाल श्री पटेल ने भी जाँच करायी



**भोपाल /दैनिक मालवा हेराल्ड।** विश्व ग्लूकोमा दिवस पर राजभवन में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया। शिविर में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने भी आँखों का परीक्षण कराया। राज्यपाल ने शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और फीता काट कर किया। उन्होंने नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों को ग्लूकोमा के संबंध में जन-जागृति के लिए संकल्प दिलाया। साथ ही चिकित्सकों से रोग उपचार और नेत्रों की देखभाल के संबंध में जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल श्री पटेल ने शिविर में नेत्र परीक्षण के लिए आए नागरिकों से चर्चा भी की। उल्लेखनीय है कि विश्व ग्लूकोमा दिवस पर निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर राजभवन के सांदीपनि सभागार में लगाया गया। शिविर में रेडक्रास सोसायटी भोपाल के नेत्र विशेषज्ञों ने नेत्र परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं परामर्श प्रदान किया।

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना लागू करने के लिए मुख्यमंत्री श्री चौहान को दिया धन्यवाद

### विभिन्न जिलों से आई बहनों ने राखी बांध कर माना आभार



**भोपाल /दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में ढाई लाख रूपए तक की सालाना आय वाले परिवारों की बहनों को प्रति माह 1000 रूपए दिये जाने के निर्णय के लिए आज अनेक बहनों ने मुख्यमंत्री श्री चौहान के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

जम्बूरी मैदान में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर संस्थाओं और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के मेंटर्स एवं स्वैच्छिक संगठनों के सदस्यों के राज्य स्तरीय महाकुंभ के औपचारिक शुभारंभ के पहले मंच पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आई बहनों ने मुख्यमंत्री श्री चौहान को राखी बांध कर धन्यवाद दिया और आभार माना। बहनों ने कहा कि ÷लाड़ली बहना÷ मुख्यमंत्री श्री चौहान की एक अभिनव योजना है। मुख्यमंत्री ने बालिकाओं, बेटियों और बहनों के हितों की सदैव रक्षा की है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सम्मेलन का शुभारंभ कन्याओं और बहनों के पूजन से किया। मुख्यमंत्री ने सभी प्रतिभागियों का पुष्प-वर्षा कर स्वागत भी किया।

## मैं हूँ ना, नुकसान का मिलेगा मुआवज़ा-गृह मंत्री डॉ. मिश्रा

### ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त हुई फसलों का खेतों पर जाकर किया मुआयना



**भोपाल /दैनिक मालवा हेराल्ड।** गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने दतिया जिले के बसई क्षेत्र में जाकर ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त फसलों का मौका-मुआयना किया। उन्होंने ग्रामीणों से मिलकर आश्वस्त किया कि क्षतिग्रस्त फसलों का हरसंभव मुआवजा दिलाना सुनिश्चित करेंगे। डॉ. मिश्रा को ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त हुई फसलों से हुई पीड़ा से अवगत कराया।

मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि संकट के समय में सरकार किसान भाइयों के साथ है। उन्हें चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। क्षतिग्रस्त फसलों के नुकसान पर राहत राशि सरकार द्वारा दी जायेगी। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को हुई ओलावृष्टि में बसई क्षेत्र के ग्राम ठाकुरपुरा, जगतपुर, नयाखेड़ा, सतलौन इत्यादि गाँव में गेहूँ एवं सरसों की फसलें क्षतिग्रस्त हुई हैं।

मंत्री डॉ. मिश्रा ने कलेक्टर एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को क्षतिग्रस्त फसलों का तत्काल सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

### विकास कार्यों का किया शिलान्यास और लोकार्पण

मंत्री डॉ. मिश्रा ने शनिवार को दतिया के ग्राम अगौरा में विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया। उन्होंने ग्राम के वरिष्ठजनों को शॉल-श्रीफल और पुष्पाहारों से सम्मान किया। डॉ. मिश्रा ने ग्रामीणों को सरकार की लोक कल्याकारी योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से लाभांवित किया जायेगा।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान भक्त शिरोमणि माता कर्मा जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए



**भोपाल /दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान आज भोपाल के घोड़ा नक्कास क्षेत्र में साहू समाज के श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में भक्त शिरोमणि माता कर्मा देवी जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने समाज के लोगों को माता कर्मा देवी जयंती पर बधाई दी। उन्होंने माँ कर्मा देवी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज राष्ट्र भक्त समाज है। मुख्यमंत्री श्री चौहान का साहू समाज द्वारा अभिनंदन भी किया गया। साहू समाज के संगठनों के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## मुझे चाहिए

*रख लो भाई समूचा आसमान,*
*मुझे सिर्फ जमीन चाहिए,*
*अपने का साथ और अपनों का यकीन चाहिए,*
*आपके कथा किताबों ने सिर्फ बहकाया है मुझे,*
*पाखंडों में जिसने उलझाया है मुझे,*
*विज्ञान का सच्चा ज्ञान चाहिए,*
*बाबा साहब का संविधान चाहिए,*
*अपना आध्यात्मकता आप रख लो*
*पौष्टिकता से भरी भले छोटी चाहिए,*
*हमें सिर्फ रोटी चाहिए,*
*ध्यान, व्रत, योग से हमें क्या लेना*
*अच्छे विचार और व्यापार चाहिए,*
*हम बहुजनों को केवल रोजगार चाहिए,*
*रख लो चिपकाकर ये मूर्ति बेजान,*
*हमें चाहिए सिर्फ कलम और ज्ञान,*
*रख लो भाले, च , गदा, तीर कमान,*
*हमें तो चाहिए सिर्फ मान सम्मान,*
*कायरता, क्रूरता, लालच खुद ले लो*
*हमें चाहिए इंसानियत और इंसान,*
*हक़ हकूक और आजादी चाहिए*
*रख लो अपने जातिगत अभिमान,*
*रखे रहो अपनी संस्कृति महान,*
*हमें चाहिए अधिकार और कर्त्तव्य बताता*
*केवल व केवल भारत का संविधान।*

*-राजेन्द्र लाहिरी छ. ग.*

## 22 मार्च 'विश्व जल दिवस' पर विशेष 'जलसंकट का समाधान संभव है- बशर्ते हम चाहे'

"जल है तो कल है।" हर वर्ष 22 मार्च का दिन ÷वर्ल्ड डे ऑफ वाटर डे÷ के नाम से घोषित किया गया है, जिसे अब "वर्ल्ड वाटर डे" के नाम से जाना जाता है। प्रतिवर्ष इसे मनाने का उद्देश्य लोगों को शुद्ध पानी की कीमत बताना एवं उस पानी के रिसोर्स मैनेजमेंट के लिए काम करने के साथ ही पूरी दुनिया को जल सहेजने और उसके सावधानी से उपयोग के प्रति जागरूक करना है। विश्व में मनुष्य के इस्तेमाल करने लायक पानी आज भी उतना ही है जितना 2000 वर्ष पूर्व था। इस बीच जनसंख्या कई गुना बढ़ी है और पानी के उपयोग की विविधता भी बड़ी है।

गर्मी आते ही भारत समेत दुनिया भर में पेयजल संकट गहराने लगता है। एशियाई विकास बैंक के अनुसार भारत में 2030 तक 50 फ़ीसदी पानी की कमी होगी। कई राष्ट्रीय समाचार पत्रों ने पिछले कई वर्षों से जल संरक्षण व बारिश के पानी को सहेजने के लिए सक्रिय अभियान चलाएं हैं। गत वर्ष माननीय प्रधानमंत्री ने ÷कैच द रेन÷ अभियान की शुरुआत की। यह सर्वविदित है कि भारत अब "वॉटर स्ट्रेस कंट्री" में शामिल हो चुका है।

हर व्यक्ति को सालाना 17 लाख लीटर पानी चाहिए होता है जो इस समय 15 से 16 लाख लीटर पर आ चुका है। इस तरह दुनिया के 100 प्रमुख शहरों में रहने वाले करीब 35 करोड लोगों को पानी की कमी का सामना करना पड़ सकता है, इनमें भारत के भी 30 से ज्यादा शहर शामिल है, जहां भारी जल संकट का खतरा अभी से देखा जा सकता है। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ (वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड) की हाल में एक रिपोर्ट के अनुसार 2050 तक यह जल संकट अपने चरम पर होगा। पानी के संकट को देखते हुए गत वर्ष सरकारों ने वाटर हार्वेस्टिंग, वर्षा के जल को संरक्षित करने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग / कंजर्वेशन जैसे विकल्पों पर काफी जोर दिया है ताकि जल संचयन के साथ-साथ जल का उचित प्रबंधन भी किया जा सके।

वाटर कंजर्वेशन एवं मैनेजमेंट पर अब सरकारे ही नहीं कई क्षेत्र के प्रतिष्ठान भी जोर देने लगे हैं। केंद्र सरकार की ÷जल जीवन मिशन÷ और ÷कैच द रैन÷ जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं के जरिए स्थानीय जल स्त्रोतों के परिवर्धन, मौजूदा स्त्रोतों के पुनर्भरण एवं सरकारी तथा निजी भवनों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाए जा रहे हैं। इस तरह देश में 1000 से अधिक स्थानों पर इस सिस्टम के उपयोग से लगभग 15 करोड़ लीटर पानी की वार्षिक बचत हो रही है।

दुनिया में वर्षा का जल ही सभी तरह के जल का स्त्रोत है। जहां भी जल है वह कहीं न कहीं वर्षा के जल से ही जुड़ा है, चाहे मैदानी तालाब या कुए हो या फिर पहाड़ी धारे या हिमखंड सब की जड़े मानसून से ही सींचती है। इस तरह देश में राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार करीब 36 लाख जलाशय दर्ज हैं जिनमें 30त्न अपना अस्तित्व खो चुके हैं व शेष बचे हुए में 95त्न अतिक्रमण की मार झेल रहे हैं और मात्र 5त्न ही अपने स्वरूप में बचे हुए है।

यदि देखा जाए तो 1947 में देश में 24 लाख तालाब थे जो आज घटकर 5 लाख रह गए है। इनमें भी 1 लाख तालाब तो बेकार पड़े हैं जिनमें कूड़ा भरा है। उत्तर प्रदेश के 1.77 लाख कुओ में से पिछले 5 वर्षों में 77 हजार कुँए सूख चुके हैं। केंद्रीय भूजल बोर्ड की रिपोर्ट में कहा गया है कि पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में 300 मीटर की गहराई तक जल का उलीचा जाना ऐसा ही चलता रहा तो 20 वर्षों में भूजल खत्म हो जाएगा।आज हमें दुनिया के उन देशों की ओर गौर करने की जरूरत है जो 30 वर्ष पहले से जल संरक्षण के काम में लगे हैं। इजरायल जैसे देश में जहां पानी बिल्कुल नहीं है वहां हर बूंद को लोग इस तरह से सहेजते हैं, मानो उन्हें जल की महत्ता का ज्ञान हो गया है। भारत में प्रचुर मात्रा में बारिश होती है और अगर इस जल को सहेजने के प्रयास ठीक से किए जाएं तो देश जल संकट का मोहताज नहीं होगा। इजरायल में 10 इंच पानी गिरता है लेकिन दुनिया को पानी सहेजना सिखा रहा है जबकी भारतवासी पानी में अमीर होकर भी उसकी कद्र करना नहीं सीख रहे है क्योंकि हमारे देश में समस्या पानी के संकट से ज्यादा उसके प्रबंधन को लेकर है। इसमें अगर हम सभी अपना खान-पान, रहन-सहन की आदतों में थोड़ा थोड़ा बदलाव ले आए तो बहुत कुछ पानी बचा सकते हैं। इतनी विषमताओं और विरोधाभासी परिस्थितियों के बावजूद अब भी भारत में इतना पानी तो है कि उसे सरंक्षित किया जा सकता है लेकिन इसके लिए कई स्तरों पर प्रयास करने होंगे, जिनमें व्यक्तिगत से लेकर सरकारी स्तर तक के प्रयास शामिल हो। इन व्यक्तिगत प्रयासो में हम ब्रश करने के दौरान नल नहीं खोले, लीकेज होने पर वॉल्व को बंद रखें, और किचन में बचे हुए व कपड़े धोने के पानी का प्रयोग बगीचे में करें। इस तरह प्रत्येक परिवार प्रतिदिन 392 लीटर पानी की बचत कर सकता है।जिन इलाकों में पानी का संकट होता है वहां लोग पानी को बहुत संभाल कर खर्च करते हैं और हमारे यहां पानी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है तो इसका अपव्यय किया जा रहा है। अतः भावी जल संकट से निजात पाने के लिए कैचमेंट में जल संचयन संरक्षण और भू-जल संवर्धन के कार्य व्यापक पैमाने पर सघनता से करने की आवश्यकता है, इसके लिए भारत सरकार ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के प्रावधान किए हैं। अब समय आ गया है कि देश के भूजल संकट को समाप्त करने के लिए सरकार व समाज दोनों को युद्ध स्तर पर प्रयास करने होंगे।

**डॉ. बी. आर. नलवाया**
**पूर्व अध्यक्ष- (वाणिज्य अध्ययन मंडल विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन)**
**प्रो. योगेश कुमार पटेल (सहायक प्राध्यापक-वाणिज्य)**
**शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर (मध्य प्रदेश)**

## प्राण के बाण

*जिसने खुद उजियारा बनकर, जीवन जीना सीख लिया।*
*उसने समझो अँधियारों का, रस विष पीना सीख लिया।।1।।*

*मरी मिर्च भी कह सकती थी, खरी धरी हूँ हरी नहीं।*
*लेकिन सौंफ सोंठ से बोली, तू मुझसे चरपरी नहीं।।2।।*

*आतंकी को यहाँ बुलाकर, कौन अखाड़े गोड़ेगा।*
*कौन पराए घर के खटमल, अपने घर में छोड़ेगा।।3।।*

*मरती रही भूख से जनता, सत्ता ने समझाने को।*
*खण्डहरों के रँग रोगन में, खाली किया ख़ज़ाने को।।4।।*

*स्वर्ग सिधारे हुए मनुज के, अवगुण सभी भुलाते हैं।*
*मण्डप के नीचे बाराती, दूल्हे के गुण गाते हैं।।5।।*

*कौन पकड़ पाया सत्ता को, मनचाहा घपला कर ले।*
*गाढ़ा दूध नदी के तट पर, कितना भी पतला कर ले।।6।।*

*एक ने सच सच कहा, तो एक ने झूठा कहा।*
*एक राजी हो गया तो, दूसरा रूठा रहा।।7।।*

*-गिरेन्द्रसिंह भदौरिया प्राण*

## मैं बोलूँगा तो बोलोगें कि बोलता है

# (जिनके खून में विदेशी तत्व मौजूद है वे कभी देशभक्त नही हो सकते)

हाल ही में राहुल गांधी ने ब्रिटेन में जो साक्षात्कार दिए थे उससे साफ़ जाहिर हो गया कि इटली के माँ के पेट से पैदा हुए राहुल गांधी कभी इस देश के प्रति निष्ठावान नही हो सकते।और ये कटु सत्य है।इसे सभी को स्वीकार करना पड़ेगा।यही बात उन तमाम मुसलमानों पर भी लागू होती है जिसके पूर्वज विदेश से आक्रांता के रूप में आये और यहाँ बस गए।वे आज भी इस मुल्क को अपना देश नही समझते और यहाँ रहने वाले हिंदुओं से बेपनाह नफरत करते हैं।ये उनकी मजबूरी है कि उनकी संख्या बल कम है वरना हिंदुओं का हिन्दुस्तान से नामोनिशान मिट जाता जैसे पाकिस्तान में हिंदुओं का नामोनिशान मिट गया है।आज इस देश में देशभक्त वही लोग हैं जिनके पूर्वज सदियों से इसी मुल्क के धरती में पले बढ़े और उनके डी एन ए में कोई मिलावट नही रही।आज अगर ये देश सुरक्षित है तो उन्हीं लोगों के कारण जो राम कृष्ण के काल से इसी धरती का हिस्सा रहे।उनके पूर्वज अपना स्तित्व बचाकर रखे।वे वो लोग हैं जो तमाम विपत्तियों के बावजूद अपने हिंदुत्व को नही छोड़ा और किसी भी दबाब में अपना धर्म परिवर्तन नही होने दिया।और कोई भी मुल्क इन्हीं मूल निवासियों के कारण सुरक्षित रहता है चाहे वह जापानी हो या जर्मन,चीन हो या फ्रेंच।ये तमाम राष्ट्र मूल निवासियों के कारण ही अपनी देश की स्मिता बनाये रखने में सक्षम हैं। हिंदुस्तान का दुर्भाग्य रहा है कि यहाँ हमेशा से विदेशी आक्रांताओं का आगमन होता रहा है और उन विदेशी आक्रांताओं में कुछ तो इसी मिट्टी में रच बस गए लेकिन कुछ कभी भी इस मुल्क को अपना नही बना सके।आज देश में जो टुकड़े टुकड़े गैंग हैं वे उसी तरह के लोग हैं।आप उनसे देश के प्रति वफादारी की उम्मीद कतई नहीं कर सकते हैं।ये लोग हमेशा से गद्दार थे, हैं और रहेंगें।आप तमाम प्रयासों के बावजूद इनसे देशभक्ति की आशा नही कर सकते हैं।क्योंकि इनके डी एन ए में ही गद्दारी का गुण मौजूद है और यही कारण है कि राहुल गांधी भी इस देश के प्रति विदेशों में जहर उगल रहे हैं।और उनसे और उनकी इटली वाली माँ से आप यही उम्मीद कर सकते हैं। सवाल सिर्फ राहुल गांधी तक सीमित नहीं है बल्कि आज की ज्वलंत समस्या उन हिन्दू लड़कियों के कारण भी है जो हिन्दू होते हुए भी मुस्लिम समुदाय के लड़कों से शादी करती हैं और उनका अंत श्रद्धा जैसा पैंतीस टुकड़ों में हो जाता है।आज टुकड़े टुकड़े गैंग की एक सदस्या स्वरा भास्कर एक मुस्लिम लड़के से शादी करने जा रही है।ये वैसे भी देश द्रोही गैंग से जुड़ी हुई है और उससे इसी तरह की उम्मीद की जा सकती है।अगर कल को इसके सौ टुकड़े होते हैं तो किसी को अफसोस नही होना चाहिए क्योंकि जब आप कसाई के हाथ में खुद को सौंप देते हो तो आपका अंजाम भी वही होगा जो कसाईघर में किसी का होता है।राखी सावंत से लेकर करीना कपूर तक स्वेच्छा से मुस्लिम लड़कों से शादी की हैं और वह भी अपना धर्म परिवर्तन करके तो ऐसे में इन लड़कियों के प्रति हिंदुओं को कोई सहानभूति नही रखनी चाहिए।आज एक फैशन चल पड़ा है कि हिन्दू लड़कियाँ जानबूझकर मुस्लिम लड़कों के प्रेमजाल में फंस रही हैं और उन सबका अंजाम भी वही होता है जैसा श्रद्धा का हुआ था केवल तरीका अलग रहता है।हिन्दू लड़कियों का मुस्लिम परिवार में हैसियत सिर्फ एक नौकरानी की रहती है।और कहीं कहीं तो उनकी स्थिति एक वेश्या से भी बदतर रहता है लेकिन ऐसी लड़कियों के प्रति किसी भी तरह की सहानुभूति की जरूरत नही है।अभी हाल में ही राखी सावंत मीडिया के सामने रो रो कर अपना दुखड़ा बयान कर रही थीं कि उनका पति उसे प्रताड़ित करता है।दरअसल वह इसकी पात्र खुद है।तमाम हिन्दू लड़कों के रहते आपको वही मुस्लिम लड़का सारी दुनिया में मिला था।जो हिन्दू लड़की अगर मुस्लिम लड़कों से जानबूझकर इस तरह की शादी करती हैं उनका अंजाम ऐसा ही होना चाहिए।क्योंकि ये लड़कियाँ इसी के लायक हैं और इनसे किसी तरह की सहानुभूति की आवश्यकता नही है।इस तरह की लड़कियाँ जो अपना धर्म छोड़कर दूसरे धर्म के लड़कों से प्रेम करती हैं वे किसी वेश्या से भी बदतर होती हैं।और ऐसी लड़कियों को आप हिन्दू में शुमार नही करें और इनके साथ कोई ज्यादती हो तो कभी भी इनके प्रति कोई सहानभूति नही रखें।बहुत खेद होता है जब श्रद्धा जैसा कांड होता है और हम उसके खिलाफ कैंडल मार्च निकालते हैं।दरअसल होना ये चाहिये कि इनके साथ ऐसा हादसा हो तो आप मौन ही रहें तो बेहतर।जो अपना मूल धर्म छोड़कर दूसरा धर्म अपना लेता है उससे निकृष्ट कोई और हो ही नहीं सकता है।जो लोग पूर्व में हिन्दू धर्म छोड़कर इस्लाम धर्म अपनाए वे निकृष्ट लोग ही थे चाहे उस समय परिस्थितियां क्यों ना विकट रही हो।वैसे इसमें हिन्दू धर्म की कुछ बुराइयों का जरूर हाथ रहा था।हिन्दू धर्म की अपनी कुछ बुराइयाँ जरूर रही हैं जिनमे छुआ छूत और जाति प्रथा जैसी बातें लेकिन इसके बावजूद बहुसंख्यक हिन्दू अपने हिन्दू धर्म में ही रहे लेकिन कुछ कमजोर या स्वार्थी तत्व ही धर्म परिवर्तन करके दूसरा धर्म अपना लिये।भारत मे रहने वाले बहुसंख्यक क्रिस्चियन या मुसलमान समुदाय के लोग पूर्व में हिन्दू ही रहे हैं जो लालच वश इन धर्मों को अपना लिए।आज वही लोग देश की एकता के लिए बाधक बन रहे हैं। और इनसे आप देश भक्ति की उम्मीद रखते हैं तो आपसे बढ़कर मूर्ख कोई दूसरा नहीं हो सकता है।इस देश का दुर्भाग्य है कि देश में रहने वाले एक चौथाई लोग देश विरोधी हैं वे खाते पीते तो इस देश का हैं लेकिन उनकी लॉयल्टी या वफादारी या तो पाकिस्तान के प्रति रहती है या इस्लामिक देशों के प्रति रहती है या उनका सपना या मंसूबा हमेशा ये रहता कि इस देश को इस्लामिक देश कब बना दें।आज हिंदुओं की जनसंख्या में तेजी से कमी आ रही है।आज हिन्दू दम्पति एक संतान पाकर ही संतुष्ट हो जा रहे हैं और अधिक उम्र में विवाह की वजह से भी अधिक बच्चे नही हो पा रहे हैं।इसलिए हिंदुओं को अपनी वजूद बनाये रखने के लिए इस विषय पर मंथन करने की आवश्यकता है।आज सरकार को जनसंख्या नियंत्रण पर बहुत गहराई से विचार करना होगा क्योंकि जनसंख्या असंतुलन आगे चलकर इस देश के हिंदुओं के लिए विनाशकारी साबित होने वाला है।हिंदुओं की शुरू से आदत रही है कि वे हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हैं।आपके सामने सोमनाथ मंदिर का उदाहरण है।गजनी ने उस मंदिर पर आक्रमण करता रहा लेकिन कभी भी हिन्दू उसके हमले से नही चेते।आज भी कमोबेश वही स्थिति है।आज भी हिन्दू जागरूक नही है।हिन्दू समाज आज भी जातीय भेदभाव से ग्रसित है।आज पूरे विश्व के मुसलमान अपने आप को एक दूसरे का मानते हैं।उनमें एकजुटता बनी हुई रहती है।आज पूरा का पूरा इस्लाम धर्म के मानने वाले एक झंडे के नीचे खड़े दिखाई देते हैं।लेकिन आज हिन्दू समाज में इसका सर्वथा अभाव है।हिन्दू धर्म में जबतक जातीय व्यवस्था नही टूटेगी तबतक हिदुओं का एकजुट होना बेहद मुश्किल है।और दूसरी तरफ आरक्षण का दंश हिंदुओं को कभी भी एकजुट होने नही देगी क्योंकि इससे समाज में एक अघोषित दीवार खड़ी हो गई है।आरक्षण कभी भी जातीय व्यवस्था खत्म नही होने देंगी।और बगैर जातीय व्यवस्था खत्म किये हिंदुओं में एकता की कल्पना नही की जा सकती है।आने वाले समय में हिन्दू अगर विलुप्त प्राय प्राणी में शामिल हो जाएं तो इसमें अतिश्योक्ति की कोई बात नही होनी चाहिए।क्योंकि जिस दिन इस देश में मुसलमानों की जनसंख्या हिंदुओं की बराबरी की हो जाएगी उसके बाद हिंदुओं का धीरे धीरे खात्मा होना तय है।आज हिंदू लड़कियाँ जिस तरह मुस्लिम लड़को के प्रति आकर्षित हो रही हैं वे दरअसल पलीता लगाने का काम शुरू कर चुकी हैं।बाकी कसर जनसंख्या असंतुलन कर देगा।अब हिन्दू बहुत दिनों तक खुशफहमी में नही रहें।आने वाले समय में ये देश राम का रहेगा या रहीम का ये कहना मुश्किल है।



**- डॉ संजय श्रीवास्तव महू**

# ट्विस्ट का तड़का!






**जीएनएस।** एण्डटीवी के 'दूसरी माँ', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में इस हफ्ते दर्शकों को कुछ रोमांचक मोड़ देखने को मिलेंगे। एण्डटीवी के 'दूसरी माँ' की कहानी के बारे में बताते हुये कृष्णा ने कहा, ÷यह जानने के बाद कि कामिनी (प्रीति सहाय) को बंसल ने पीटा और छोड़ दिया है, यशोदा अपने परिवार वालों से उसे अपने घर लाने के लिये कहती है। इस बीच, दादाजी (सुनील दत्त) कृष्णा को घर से बाहर निकालने के लिये कानून का सहारा लेने का फैसला करते हैं। वह आस्था और नूपुर को कमरे में बंद कर देते हैं और यशोदा पर इल्जाम लगाते हुये कहते हैं कि वह उनकी देखभाल करने में सक्षम नहीं है। कृष्णा ताला तोड़कर उसकी मदद करने का फैसला करता है। दादाजी पड़ोसियों को यह सब देखने के लिये बुलाते हैं, पुलिस को कॉल करते हैं और कृष्णा पर उनके घर में तोड़-फोड़ करने का आरोप लगाते हैं, जिससे हर कोई हैरान रह जाता है।÷ एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की कहानी के बारे में बात करते हुये कटोरी अम्मा ने कहा,



''जब मास्टर जी द्वारा ऋतिक (आर्यन प्रजापति) को उसकी बहादुरी के लिये सराहा जाता है, तो राजेश (कामना पाठक) कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) का मजाक उड़ाती है। इससे कटोरी अम्मा गुस्सा हो जाती हैं और हप्पू (योगेश त्रिपाठी) को अपनी बहादुरी साबित करने के लिये कहती हैं। अपनी बहादुरी साबित करने के लिये वह मनोहर की सलाह पर एक चरवाहे को गिरफ्तार करने जाता है, लेकिन वह चरवाहा उसे बुरी तरह पीट देता है और हप्पू की इस कायरता के बारे में उसके परिवार वालों को मनोहर द्वारा पता चलता है। इसके बाद, बेनी (विश्वनाथ चटर्जी) उसे अपनी बहादुरी की एक नकली कहानी बनाने का आइडिया देता है। कमिश्नर (किशोर भानुशाली) हप्पू की इस कहानी से प्रभावित होता है और उसे क्रिमिनल पांडे सुल्तान को गिरफ्तार करने का आदेश देता है, जिसे सुनकर हप्पू डर जाता है। एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' की कहानी के बारे में बताते हुये अंगूरी भाबी ने कहा, डेविड चाचा (अनूप उपाध्याय) और विभूति (आसिफ शेख) जमीन पर फिसल जाते हैं और उन्हें पता चलता है कि जमीन से तेल निकल रहा है। वे इस बारे में अनीता (विदिशा श्रीवास्तव) को बताते हैं और बेहद उत्साहित होकर उसे ब्लैक मार्केट में बेचने का प्लान बनाते हैं। वे इस काम को वेश बदलकर अंजाम देने का फैसला करते हैं। तिवारी (रोहिताश्व गौड़) उनके घर में ताला लगा हुआ देखता है और यह जानकर बेहोश हो जाता है कि वे हमेशा के लिये मॉडर्न कॉलोनी छोड़कर चले गये हैं। बाद में सक्सेना (सानंद वर्मा) सभी को बताता है कि एक नई फैमिली उस घर में रहने के लिये आई है। जब वे उनसे मिलने जाते हैं, तो वे अपना परिचय शेख चिल्ली परिवार के रूप में देते हैं।

**देखिये 'दूसरी माँ' रात 8:00 बजे, 'हप्पू की उलटन पलटन' रात 10:00 बजे और 'भाबीजी घर पर हैं' रात 10:30 बजे, हर सोमवार से शुक्रवार सिर्फ एण्डटीवी पर!**

# लेख-सोना ही सोना है

यदि जागने में चांदी ही चांदी है तो सोने मैं सोना ही सोना है अर्थात स्वर्ण ही स्वर्ण है। ईश्वर ने नींद के रूप में हमें कमाल का उपहार दिया है तो हम क्यों ना सोए? आखिर रात्रि भी तो सोने के लिए ही बनाई है। फिर भला मीठे मीठे सपने भी तो बिना सोए नहीं आते नींद में ही आते हैं। अगर थोड़ा बहुत दिन में भी सो लिए तो कौन सा पहाड़ टूट पड़ेगा? रात दिन कोल्हू के बैल की तरह जुट कर भी सिर्फ पेट ही तो भरना है। फिर पेट की इतनी चिंता काहे की। किसी न किसी तरह तो भर ही जाएगा घर में और भी तो लोग है वह भला किस काम के? बीवी बच्चे करें या बूढ़े बुजुर्ग हमें इससे क्या लेना देना हमें हमारी नींद खराब थोड़े ही करनी है। और फिर रात दिन मेहनत करके भी तो एक दिन खाली हाथ ही जाना है फिर क्यों हम बेवजह शरीर का नाश करें।

यदि हम रात दिन सोएंगे तो इसका प्रत्यक्ष लाभ यह मिलेगा की गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले बीपीएल परिवारों की सूची में हमारा नाम स्वता- ही जुड़ जाएगा परिणाम स्वरूप खाद्यान्न के साथ ही शासन द्वारा संचालित कई योजनाओं का लाभ हमें स्वतः ही मिलने लग जाएगा। bpl राशन कार्ड संबल कार्ड आयुष्मान कार्ड जैसे कई कार्ड हमारी झोली में आकर के अपने आप ही गिर जाएंगे। ना रहेगा बांस ना बजेगी बांसुरी पैसा ही नहीं होगा तो शायद ही कोई पागल होगा जो मांगने आएगा बेचारे चोर की क्या औकात है जो चोरी कर ले। मेहमान भी सोच-समझ ही तशरीफ लाएंगे। बच्चे भी स्व्यमेव ही संस्कारवान हो जाएंगे धन के अभाव में बीड़ी तंबाकू शराब के पास तक नहीं फटकेंगे,फिर फटे कपड़े पहनने में भी क्या बुराई है आजकल तो फैशन है।

संसार में वही व्यक्ति सुखी है जो थोड़े में संतोष कर ले फिर रात दिन दौड़ भाग करके घर भी तो सोने के लिए ही बनाना है। क्या फर्क पड़ता है महल में सोए या झोपड़ी में। भगवान भी तो दुःख में ही याद आता है। ईश्वर भक्ति का इससे सुगम मार्ग भला क्या हो सकता है। चैन की नींद भला हर किसी को थोड़े ही आती है। कई लोग ऐसे भी है जिनके पास स्वर्ण वाला सोना तो बहुत है लेकिन नींद वाला सोना मखमल के बिस्तर पर भी नसीब नहीं होता गोलियां खाने के बाद भी नींद नहीं आती। शायद इसीलिए योग में भी शवासन को महत्वपूर्ण स्थान देकर योग निद्रा जेसी गौरव मई उपाधि से अलंकृत किया गया है। अष्टांग योग का योग का आठवां अंग समाधि भी तो एक तरह की निंद्रा ही तो है।

शायद कुंभकरण जी ने जीवन के इस मर्म को अच्छी तरह समझ लिया होगा तभी तो वह वर्ष में कम से कम छह महीने का निर्बाध शयन करते थे। क्या वह भूखे रहते थे। सबसे अधिक सोने वाला प्राणी अजगर खेतों में हल थोड़े ही चलाता है क्या वह भूखा मरता है? और पक्षियों को ही देख लो क्या वह आसमान में फावड़ा चलाते हैं? ईश्वर ने पेट दिया है तो किसी न किसी तरह तो भरेगा ही। जब चींटी से हाथी तक का पेट भरता है तो भला हमारा क्यों नहीं भरेगा?

यदि हम अधिक समय तक शयन करेंगे तो टेंशन डिप्रेशन जैसी कई शारीरिक एवं मानसिक बीमारियों से तो बचेंगे ही साथ ही गम भुलाने के लिए शराब की भी आवश्यकता क्यों कर होगी?अधिक समय तक शयन करने से हम बुराइयों से भी बच जाएंगे साथ ही भोजन वस्त्र जूते चप्पल के साथ-साथ मोटर वाहन आदि का ईंधनभी बचेगा और जेब खर्च भी। बिना इन्वेस्ट किए इतना मुनाफा तो आपको शेयर मार्केट में भी शायद ही मिले।

आपका वह स्वर्ण वाला सोना तो चोरी भी हो सकता है लेकिन मजाल हे किसी की जो आपका यह सोना चोरी कर ले। और समय का भी नींद यानी सोने से बेहतर भला सदुपयोग और क्या हो सकता है? इसीलिए शायद किसी ने ठीक ही कहा हैत्न या खून पसीना करके बहा या तान के चादर सोता जा यह नाव तो चलती जाएगी तू हंसता जा या रोता जात्न

**फिर हम बेकार में क्यों कर रोए।**
**क्यों ना हम खूंटी तानकर सोए।** **-परमानंद राठौर गुराड़िया वर्मा**


## भावनानी के भाव

### भारत अब फिर बनेगा,सोने की खान

*भारत देश है बुद्धिजीवीयों प्रबुद्ध नागरिकों की खान*
*कोरोना वैक्सीन बना कर,दी नई पहचान*
*कोरोनावारियर्स बनकर उभरे भारत की शान*
*अब फिर बनेगा,भारत सोने की खान*

*भारत देश महान, मेरी आन बान शान*
*धर्मनिरपेक्षता हैं, भारत की पहचान*
*हर धर्म त्यौहार संस्कृति का, भारत में सम्मान*
*अनेकता में एकता, हैं भारत विश्व में बलवान*

*आत्मनिर्भर भारत, बनेगा हर क्षेत्र की जान*
*हर नागरिक को डालना होगा, इस सोच में जान*
*सोच में ही छुपा है, कुछ कर गुजरने का ज्ञान*
*भारत देश महान, मेरी आन बान शान-3*



***किशन भावनानी***
***गोंदिया महाराष्ट्र***

## अपना कदम कभी पीछे हटाना मत

*अपना कदम कभी पीछे हटाना मत*
*आगे बढ़ने से कभी तुम रुकना मत*
*ये वक्त का पहिया है, तो बढ़ता रहेगा*
*वक्त के साथ चल, यह चलता रहेगा,*
*वक्त के साथ कदम मिलाना सीखले*
*यह नही किसी का इंतजार करता है*
*और न ही किसी का ऐतबार करता है*
*यह हमेशा, बढ़ेगा, और बढ़ता रहेगा।*
*यह चौबीस पहर अपना काम करेगा*
*कोई रूठें,कोई टूटे,परवाह नहीं करेगा*
*कोई बिछड़े,या भटके, गम नहीं करेगा*
*न रुकेगा,न थकेगा, वह चलता रहेगा।*
*इसे कोई व्यथा नही और,व्यवधान नही*
*यह वक्त है इसका कोई, इम्तिहान नहीं*
*जो बढ़ेगा, चलेगा, वही मंजिल पाता है*
*यह वक्त,इम्तिहान लेता है, लेता रहेगा।*


***-अशोक पटेल आशु***



## लापरवाह नही हूं

***वो रुलाता रहा***
***मैं हंसती रही***
***हंसी के पीछे आंसू***
***छुपाती रही***
***उन्होंने समझा***
***बेपरवाह हूं पर मैं***
***घर -बच्चों को देखती रही***
***सपने तो संजोए थे***
***पर पहले जिम्मेदारियां***
***निभा रही थी***
***जीवन जो छुटा था पीछे***
***बस उसे ही धक्का***
***देने में लगी थी***
***जब लगाया जोर पूरा***
***रेस में शामिल मैं हो गई***
***फिर जिंदगी के इम्तिहान में***
***प्रथम भी आ गई***
***अब ना कहना लापरवाह हूं***

***-सीमा रंगा इन्द्रा***



## नज़र न लगे किसी की...

*जमाने पर एतबार करें,*
*मगर जरा संभलकर,*
*कुछ नादानियां करें,*
*पर वहां भी एक नज़र रखें इधर उधर,*
*शराफ़त है तो एक बात है,*
*मगर यह सफ़र में गुमनाम रात होंगी।*

*मंजिल चुनने में एक,*
*मजबूत इरादों से सना हुआ,*
*जज्बा और जुनून चाहिए,*
*पर याद रहें वहां भी,*
*नज़र चारों ओर से रखनी चाहिए।*

*सफलता असफलता एक दस्तूर है,*
*कभी मिलता है तो कभी दूर होती जाती है,*
*यहां भी नज़र काफी अहमियत रखता है,*
*मुश्किल वक्त में हालात पर,*
*दस्तक देते रहता है।*

*हर पल जिन्दगी में कुछ हासिल करने पर,*
*खुशियां और सुकून मिलता है।*
*अगर कुछ चुक हुई तो बस,*
*सबकुछ यहां खत्म दिखता है।*

*शोहरत और मोहब्बत की हालात भी ठीक नहीं है,*
*नज़र लगीं तो यहां भी,*
*सबकुछ खत्म हो गया सा दिखता है।*

*सपनों पर एतबार नहीं करते हैं लोग,*
*पर नज़र की रिवायत पूरानी है,*
*इतिहास से रूबरू होते रहता है,*
*वक्त वे वक्त यह नज़र से गुफ्तगू करते हुए,*
*नज़र की अदा से बचने की भरपूर कोशिश करते रहता है।*

***-डॉ. अशोक, पटना,***
***बिहार।***



## डरता हूँ मैं

***एक बात हैं जो तुम्हें कहने से डरता हूँ।***
***तुमसे मोहोब्बत तो हैं बताने से डरता हूँ।***

***तेरे पास न सही खयालो में तो रहता ही हूँ***
***इसलिए तुम्हारे करीब आने से डरता हूँ।***

***हाल ए दिल तो अभी बता दूँ बस अपने***
***दिल को टूटते हुए देखने से मैं डरता हूँ।***

***बोलता तो मैं बहुत कुछ हूँ लेकिन मेरी***
***पसंद तुम्हारे पाँव तले रखने से मैं डरता हूँ।***

***तुम्हें मंजूर हैं या नहीं शायद इसीलिए मैं***
***अपनी कविताएं तुम्हें सुनाने से डरता हूँ।***


***- निक राजपूत***

# सुमीत राघवन से लेकर भारती अचरेकर तक - सोनी सब के कलाकारों ने अपने दर्शकों को दी गुड़ी पाड़वा की शुभकामनाएँ



**जीएनएस।** गुड़ी पाड़वा महाराष्ट्री में मनाया जाने वाला एक त्यौहार है, जिसमें लोग अपने घरों में खूबसूरत गुड़ी बनाते हैं और फिर उनकी पूजा करते हैं। कहा जाता है कि गुड़ी से सारी नकारात्म क ऊर्जा दूर हो जाती है और हमारे जीवन में धन का आगमन होता है। इस शुभ अवसर पर सोनी सब के कलाकार अपने दर्शकों को गुड़ी पाड़वा की शुभकामनाएँ दे रहे हैं।





**सुमीत राघवन ऊर्फ सोनी सब के शो 'वागले की दुनिया - नई पीढ़ी नये किस्से ' के राजेश वागले-**''गुड़ी पाड़वा महाराष्ट्री य समुदाय के लिये एक शुभ अवसर है। यह नये साल की शुरूआत का प्रतीक है और घर तथा परिवार में समृद्धि लेकर आता है। हर साल मेरा परिवार और मैं एक गुड़ी बनाते हैं और सौभाग्य एवं आशीर्वाद के लिये प्रार्थना करते हैं। मुझे आळू वड़ी खाना पसंद है और वह ऐसी चीज है जिसे पर मेरे घर में सभी टूट पड़ते हैं। हम एक-दूसरे के साथ बैठते हैं, बातचीत करते हैं और नई शुरूआत का मजा लेते हैं। हमें 'वागले की दुनिया' के सेट पर भी गुड़ी पाड़वा मनाना पसंद है, क्यों कि यह शो एकजुटता और परिवार पर आधारित है। यह सेट पर सचमुच एक खुशनुमा वक्तु होता है।''



**चिन्मयी सालवी ऊर्फ सोनी सब के 'वागले की दुनिया- नई पीढ़ी नये किस्सों' की सखी वागले -**'गुड़ी पाड़वा के लिये श्रीखण्ड पूरी मेरा चहेता पकवान है। हमारे दिन की शुरूआत गुड़ी को सजाने और शुद्धीकरण के लिये नीम की पत्तियों से नहलाने से होती है। मैं अपने कॉलेज के दिनों में नावारी साड़ी पहनकर मुंबई में होने वाली परेडों में जाया करती थी। कत्थक करना, खाने-पीने की बेहतरीन चीजों का मजा लेना और परिवार के साथ नये साल की शुरूआत करना मेरी सबसे प्यासरी यादें है। दर्शकों को गुड़ी पाड़वा की ढेर सारी शुभकामनाएं।''

**भारती अचरेकर ऊर्फ सोनी सब के 'वागले की दुनिया - नई पीढ़ी नये किस्से ' की राधिका वागले -**''हिन्दु पंचांग में गुड़ी पाड़वा से नये साल की शुरूआत होती है। इस दिन से जुड़ी मेरे पुराने दिनों की कई प्या री यादें हैं; चाहे पहली बार नौवारी साड़ी पहनना हो या अपनी माँ के हाथों से बनी पूरन पोली का इंतजार करना। हमारे दिन की शुरूआत कडुलिंब की पत्तियों की चटनी से होती है, जो कड़वी होती है, लेकिन सेहत के लिये बेहतरीन है। इससे सुनिश्चित होता है कि आप अच्छी सेहत के साथ नये साल की शुरूआत करें। गुड़ी मराठी में विजय का ध्वसज होता है और मैं इसे पिछले साल की कठिनाइयों पर जीत और आने वाले साल के स्वारगत के रूप में देखती हूँ।''

**दीपाली पानसरे, सोनी सब के 'पुष्पाम इम्पॉससिबल' की वसुंधरा-**''गुड़ी पाड़वा नई शुरूआत, नई उम्मीदों और नई आकांक्षाओं का उत्सगव है। 'पुष्पाप इम्पॉ सिबल' की वसुंधरा के रूप में यह बताते हुए मैं रोमांचित हूँ कि मेरे दिल में इस त्यौहार की एक खास जगह है। मुझे पारंपरिक महाराष्ट्रीबय साड़ी और नथ पहनना और गुड़ी बनाना पसंद है। यह एक खुशनुमा मौका होता है, जब हर कोई साथ आकर उत्स?व मनाता है। मेरे लिये गुड़ी पाड़वा मुँह में पानी लाने वाली पूरन पोली के बिना अधूरा है, जिसे हम प्रसाद के तौर पर बनाते हैं। यह साल ज्यायदा खास है, क्योंकि मेरे ससुराल वाले हमारे साथ पहली बार यह त्यौसहार मनाएंगे। यह त्यौ हार बुराई पर अच्छादई की जीत का प्रतीक है और अपने प्रियजनों के साथ वक्तय बिताने से त्यौहार का उत्सापह बढ़ जाता है। सभी को गुड़ी पाड़वा की शुभकामनाएँ।'

# लेख-मेरा देश बदलते-बदलते सच में कितना बदल गया

उस वक्त मेरी आयु बहुत कम थी , न किसी बात को समझने की क्षमता , न ही किसी विषय को लेकर कोई समझ । अपनी चंचल भावना , बिना क्रोध , बिना जिज्ञासा के मैं खोया रहता था अपनी स्वयं की मस्ती में । मुझे क्या पता था कि मेरा देश इतना बदल जाएगा जितना मैं कभी कल्पना भी नही कर सकता था । अचानक देश में मोबाइल नाम का एक ऐसा उपकरण आया कि सारा संसार मानोउसकी चपेट में आ गया था मानो जैसे कोई महामारी फैली हो । धीरे-धीरे हर वस्तुओं के दाम भी बड़ने लगे थे , तब मुझे कुछ समझ नथी । जब से यह मोबाइल आया हैं तब से लोग अपने परिवार से दूर होते चले जा रहे हैं । पहले के दिनो में और अब के दिनो में काफ़ी बदलाव आ गया हैं , पहले व्यक्ति का व्यवहार देखकर उस पर विश्वास किया जा सकता था , पर अब ऐसा बिल्कुल नही हैं । हरव्यक्ति दो चेहरे लेकर समाज में घूम रहा हैं , जिसकी उत्तम कल्पना करना बिल्कुल भी समझदारी नही हैं । फिर मेरे देश में संगीत इंडस्ट्रीमें कुछ बदलाव आए , देश के युवा ने संगीत को लेकर अपने विचार ही बदल दिए , अब कुछ गीत ऐसे हो गए है जिन्हे केवल सुनने मेंयुवाओं को मज़ा आता हैं, परंतु उस गीत का कोई मतलब नहीं निकलता हैं। भले ही पुराने गीत में कितने भी टेक ले लिए जाते थे , परजब वह निकलकर व निखरकर सामने आता था तो मन आनंदित हो जाता था। जब से मैंने टेलिविज़न देखना शुरू किया था तब कुछचंद रुपए या कभी-कभी तो वो भी नही देने होते थे । रामायण, महाभारत व श्री कृष्ण की टेलिविज़न पर कथा देख कर एक अलग हीअनुभूति प्राप्त होती थी। जैसे-जैसे समय आगे बड़ा हास्य से भरे कुछ चुनिंदा टेलिविज़न सीरीयल आए और मानो हमको अपने संग उसदुनियाँ में ले गए हो , मैं अभी भी उन दिनो को नही भुला । फिर मध्यमवर्गीय परिवार वाले के जीवन में एक बार नया मोड़ आया , जब सबमुख्य चैनल पैसों की श्रेणी में आ गए । हमें करना क्या था , हम परिवार वालो ने पैसे वाली श्रेणी को हटाकर मुफ़्त वाली डिश को चुना , हाँ ! यह सच बात हैं जब एक मध्यमवर्गीय व्यक्ति जब अपनी जेब देखता हैं तो उसे मजबूरन यह सारे कार्य करने पड़ते हैं । फिर आघाततो जब हुआ जब नई-नई ऐप्लिकेशन ने मार्केट में आकर उन पुरानी सी यादों को तोड़ने का प्रयास किया , परंतु मेरा बचपन कभी भुलायानही जा सकता और अब बारी आती हैं विश्व की उस ऐसी महामारी की जिसका नाम एक समय में लेते ही लोगों को डर क्या होता हैं यहबात समझ आ जाती थी , हाँ! ज़्यादा वक्त तो नही हुआ परंतु आज भी लोगों के दिलो में डर और कुछ ऐसी तस्वीरें हैं जो कि आत्मा कोझँझोर कर रख देती हैं।

मैं बात कर रहा हूँ कोविड-19 याने कोरोना की। यह बीमारी लोगों के सपने , लोगों की आर्थिक शक्ति बल्कि , स्वयं को भी खुद मेंसमाकर अपने साथ ले चल पड़ी । लगभग दो वर्ष इस महामारी ने लोगों को काफ़ी भयभीत कर दिया था , पर मैं उन सभी वैज्ञानिको काधन्यवाद करता हूँ जिन्होंने हमें इस भीषण समय में अपने साहस का परिचय दिया। अब मेरे देश में बदलाव आया जब सभी ओफ़लाइनसे ऑनलाइन की ओर आ गये । चाहे हम पढ़ाई की बात करे या फिर करेन्सी (रुपयों) की। अब धीरे-धीरे सब बदलने लगा हैं , मुझेआज भी वो पुराने दिन याद आते हैं , जब सब एक साथ बैठकर किसी भी विषय पर चर्चा करने में हिचक नही खाते थे । आज तो वोमंज़र देखने को ही नही मिलता , पता नही आने वाली पीढ़ी शायद कई ज़्यादा ही बदल जाए। अब मुझे सबसे अधिक ख़तरा लगने लगाहैं जब मेरे सामने ए.आइ. मतलब आर्टिफ़िशल इंटेलिजेन्स का नाम आता हैं , जो कि अपनी कल्पना से अधिक काम करेगा।आर्टिफ़िशल इंटेलिजेन्स के कई फ़ायदे तो साथ कई नुक़सान भी हैं , जो उससे पूर्व अभी से हमें देखने को मिल रहे हैं । मैं अनुमान भीनहीं लगा सकता कि ए.आइ क्या-क्या करेगा, जो भी हो ऐसा हो जिसमें लोगो की केवल भलाई हो सके। मेरा देश पहले कैसा था औरअब कैसा हैं , मैं स्पष्ट रूप से और बिना हिचक खाए कह सकता हूँ , मुझे गर्व हैं की मैं एक भारतीय हूँ ।

**-कवि कुलश्रेष्ठ शर्मा 'अद्भुत'**



## ताने का दम

*ताना देने वाला और ताना सुनने वाला,*
*दोनों ही खास होते है,*
*खास होते है दोनो, साथ साथ भी होते है,*
*न ताने सुनने वाला उससे छुटकारा पा सकता ,*
*न देने वाला उसे छोड सकता,*
*अजब गजब बंधन है ये भी,पर सत्य है।*
*सुनने वाला निखार जाता हैं,*
*अगर गौर करें तो , अपनी गल्तियों को सुधारे ,*
*खुश किस्मत हैं, सुनने वाला,*
*कोई तो है जो उसे सुनाने कि हिम्मत रखता है ,*
*उसकी उन्नति पर नजर रखता है,*
*अगर बात दिल पर लगती है ,*
*तो कडी मेहनत से खुद को साबित करता है,*
*ताने देने वाला तो वहीं खडा रह जाता है,*
*सुनने वाला आगे निकल जाता है ,*
*जय हो ताने देने वाले कि ,*
*पहले ताने सुनना बुरा लगता था,*
*जबसे गुढ़ रहस्य को समझा ,*
*अब ताने देने वाला अच्छा लगता है ,*
*मुस्कुरा के,गाल ही गाल मे उसका , बोलना अच्छा लगता है।*

***-रश्मि श्रीमाली सिहाडा जि.खंण्डवा***

## दुर्घटना

*संवाद करते करते*
*कभी कभी किसी न किसी*
*बात पर आपस में*
*कोई मतभेद उभर कर आता है*
*कल्पना से परे ये हो जाता है...*
*संवाद का वह पल बहस में*
*पल भर में बदल जाता है*
*देखते देखते रिश्ता आपस का*
*टकरार से कांच सा चटक जाता है...*
*अच्छा हो उस समय कोई एक*
*तत्काल चुप्पी साध लें*
*अपने होंठों पर चुप्पियों के*
*बस ताले लगा लें*
*बुद्ध सा मौन धारण कर लें*
*अनमोल रिश्तों को*
*होने वाली दुर्घटना से बचा लें।*

***-लाल बहादुर श्रीवास्तव***

# हिरासत में केंद्रीय जेल भैरवगढ़ की अधीक्षक उषाराज

## मामला जेलकर्मियों के भविष्य निधि खाते से 15 करोड़ गबन का

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** केंद्रीय जेल भैरवगढ़ के कर्मचारियों की भविष्य निधि राशि में हुए गबन के मामले में आखिरकार शनिवार शाम जेल अधीक्षक उषाराज को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। शुक्रवार शाम जेल मुख्यालय ने उषाराज को पद से हटाते हुए मुख्यालय पाबंद के आदेश जारी किए थे।

जिला कोषालय में 10 मार्च को केंद्रीय जेल कर्मचारियों के भविष्य निधि खाते से करोड़ों की राशि का गबन होने का मामला उजागर करते हुए भैरवगढ़ थाने में जेल लेखा विभाग के बाबू रिपु दमन के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी। मामला उजागर होने पर भोपाल तक हड़कंप मचा था। जेल मुख्यालय की टीम जांच के लिए केंद्रीय जेल पहुंची थी जिसके शुक्रवार को मुख्यालय लौटते ही जेल अधीक्षक उषाराज को तत्काल प्रभाव से मुख्यालय पाबंद होने के आदेश जारी किए गए। आदेश जारी होने के बावजूद अधीक्षक शनिवार सुबह केंद्रीय जेल पहुंच गई। जेल मुख्यालय को उनके पहुंचने की जानकारी लगी तो कलेक्टर को अवगत कराया गया। तत्काल भैरवगढ़ और चिमनगंज थाना पुलिस की टीम जेल पहुंची। जहां उन्हें बयान देने के लिए जारी किए गए तीन नोटिस का जवाब पुलिस द्वारा मांगा गया। जिसमें उषाराज द्वारा आनाकानी की जाने लगी। दोपहर तक जेल परिसर में गहमागहमी बनी रही। जेल अधीक्षक द्वारा पुलिस का सहयोग नहीं करने पर शाम को उन्हें हिरासत में ले लिया गया। जेल परिसर से उन्हें भैरवगढ़ थाना ले जाया गया जहां सीएसपी अनिल मौर्य, टीआई प्रवीण पाठक और चमनगंज थाना प्रभारी जितेंद्र भास्कर द्वारा पूछताछ शुरू की गई है। बताया जा रहा है कि जेल कर्मियों की भविष्य निधि खाते से 15 करोड़ों का गबन हुआ है जिसकी डी डी ओ खुद जेल अधीक्षक थी। भविष्य निधि की राशि निकालने के लिए उनकी ही आईडी और पासवर्ड का उपयोग होता था जिसके चलते उनके खिलाफ गंभीर अनियमितता बरतने का मामला सामने आया है। पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर सकती है।





### जेल कर्मियों के परिजनों ने फोड़े पटाखे के बजाए ढोल

गौरतलब हो कि जेल कर्मियों के भविष्य निधि खाते से गबन का मामला सामने आने के बाद जेल कर्मियों ने आमरण अनशन कर जेल अधीक्षक की भूमि पर सवाल उठाए थे और उन्हें पद से हटाने की मांग रखी थी। पुलिस ने जेल कर्मियों का आमरण अनशन समाप्त करा कर निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया था। जेल मुख्यालय की जांच पूरी होने के बाद जेल अधीक्षक को मुख्यालय पाबंद करने के आदेश देर शाम जारी होने के बाद शनिवार सुबह जेल कर्मियों के परिजनों ने जेल परिसर पहुंचकर पटाखे फोड़े और ढोल बजाते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाई। जेल अधीक्षक पर कुछ दिन पहले ही जेल कर्मचारियों ने जनसुनवाई में पहुंचकर गंभीर आरोप लगाए थे जिसके बाद भविष्य निधि खाते से गबन का मामला उजागर हुआ था।

### फरार बाबू और प्रहरी की तलाश

जिला कोषालय ने जेल लेखा विभाग के बाबू रिपुदमन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी जिसके बाद जांच में प्रहरी शैलेंद्र सिकरवार का नाम भी सामने आने पर में नाम दर्ज किया गया था। दोनों के खाते में लाखों करोड़ों रुपए का ट्रांजैक्शन होना सामने आया है। मामला उजागर होने के बाद बाबू और प्रहरी फरार हो गए हैं जिनकी तलाश भैरवगढ़ थाना पुलिस द्वारा की जा रही है। दोनों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम से बाहर भी भेजी जाना बताया जा रहा है।

### नवागत जेल अधीक्षक ने लिया प्रभार

भैरवगढ़ जेल अधीक्षक उषाराज को मुख्यालय का बंद करने के साथ ही केंद्रीय जेल अधीक्षक का प्रभाव देवास जेल अधीक्षक हिमानी मनवारे को सौंपा गया है। शनिवार सुबह नवागत जेल अधीक्षक उज्जैन पहुंची और अपना कार्यभार संभाल लिया। मुख्यालय के आदेश अनुसार उनके पास देवास जेल का प्रभार दी रहेगा।

# भागवत कथा के दौरान यातायात एवं अन्य व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में आयोजकों के साथ बैठक सम्पन्न

## आयोजकों ने कहा उज्जैन में रूद्राक्ष का वितरण नहीं होगा



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगामी 4 अप्रैल से 10 अप्रैल के मध्य सीहोर वाले पं.प्रदीप मिश्रा की भागवत कथा मुल्लापुरा के आनन्द अखाड़े के सामने खाली स्थान में प्रस्तावित है। यहां पर आयोजन समिति द्वारा पांडाल का निर्माण किया जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री प्रकाश शर्मा एवं श्री सागर शुक्ला द्वारा जानकारी दी गई कि भागवत कथा के दौरान उज्जैन में रूद्राक्ष का वितरण नहीं होगा। भागवत कथा के दौरान पार्किंग, यातायात व्यवस्था, कानून व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में आज कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक श्री सत्येन्द्र कुमार शुक्ल ने आयोजन समिति के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की। आयोजन समिति के सदस्यों से कहा गया है कि वे सम्पूर्ण आयोजन का प्रजेंटेशन तैयार कर, जिसमें नक्शे, लोकेशन आदि सुस्पष्ट हो, पुलिस एवं प्रशासन को उपलब्ध करायें। आने वाले श्रद्धालुओं के लिये पर्याप्त मात्रा में पेयजल, छाया एवं शौचालय की व्यवस्था आयोजन समिति द्वारा की जाये। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री रोशन सिंह, एडीएम श्री अनुकूल जैन, एएसपी श्री अभिषेक आनन्द, डॉ.इंद्रजीत बाकलवार, पुलिस उप अधीक्षक श्री एसपीएस राठौर, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, एमपीईबी आदि के अधिकारीगण मौजूद थे।

# नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा तथा पर्यावरण मंत्री श्री डंग ने शोक संवेदना प्रकट की



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा तथा पर्यावरण मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग ने शनिवार 18 मार्च को शाम उज्जैन प्रवास के दौरान उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.मोहन यादव के गीता कॉलोनी अब्दालपुरा स्थित उनके निवास स्थान पर पहुंचकर उनकी माताजी स्व.श्रीमती लीलाबाई यादव के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। मंत्री श्री डंग ने इस दौरान स्व.श्रीमती लीलाबाई यादव के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की।

# सूर्योपासना से प्रारम्भ होगा सनातनी नववर्ष

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारत उत्क र्ष, नवजागरण और वृहत्तिर भारत की सांस्कृ तिक चेतना पर एकाग्र विक्रमोत्सगव 2023 (विक्रम सम्व त् 2080) का समापन 22 मार्च 2023 को दत्ता अखाड़ा घाट पर होगा। इसके पहले सुबह 6ः15 बजे सूर्य को अर्घ्यु देकर सूर्य की उपासना की जायेगी। यह पूजन सनातनी नववर्ष की शुरूआत का होगा। श्री नव संवत्सराभिनंदन समिति के प्रमुख धर्माधिकारी पं.नारायण उपाध्याय व महाराजा विक्रमादित्यक शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार विक्रमोत्सव नव संवत्सर गुड़ी पड़वा पर मोक्षदायिनी माँ शिप्रा के पावन तट दत्त अखाड़ा घाट पर 22 मार्च 2023, दिन बुधवार को प्रातः 6ः15 बजे भगवान श्री गणेश, बाबा महाकालेश्वर व माँ शिप्रा का पूजन कर भगवान सूर्य की प्रथम किरण का अभिनंदन कर सूर्य को अर्घ्य देकर सम्पूर्ण विश्व के मंगल की कामना की जाएगी। इस अवसर पर संतगण, वेदपाठी बटुक, मातृशक्ति व गणमान्यजन सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील पं.वासुदेव पुरोहित, पं.चंदन व्यास, पं.जियालाल शर्मा, पं.सुरेंद्र चतुर्वेदी, पं.राम शुक्ल, पं.यश जोशी, पं.गौरव उपाध्याय एवं सुभाष गुप्ता आदि ने की है।

# नगर निगम और पुलिस का बदमाशों के खिलाफ जारी अभियान जारी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर निगम और पुलिस का बदमाशों के खिलाफ जारी अभियान एक बार फिर तेज हो गया है। शनिवार को माधवनगर और महाकाल थाना क्षेत्र में चार बदमाशों के मकानों को जमीदोंज किया गया। सुबह नगर निगम की टीम माधवनगर थाना पुलिस के साथ लक्ष्मीनगर पहुंची थी, जहां 15 से अधिक अपराधों को अंजाम दे चुके बदमाश नरेश उर्फ पिंटू ललावत के तीन मंजिला मकान को जमीदोंज किया गया। बदमाश का मकान बिना अनुमति बना हुआ था। दूसरी कार्रवाई वाल्मिकी नगर में सात संगीन अपराधों में शामिल रहे बदमाश नीलू संगत के मकान पर की गई। पुलिस और नगर निगम की टीम ने पहले मकान खाली कराया और बाद में हथौड़े-जेसीबी चलाकर मकान तोड़ दिया गया। दोपहर में निगम और पुलिस की टीम महाकाल थाना क्षेत्र के जयसिंहपुरा क्षेत्र में पहुंची। जहां कार्तिक कहार और उसके बदमाश भाई गणेश कहार ने अवैध मकान बना रखे थे, जिन्हे जेसीबी से तोड़ा गया। महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि दोनों भाईयों पर 12 अपराध दर्ज है। तीसरी कार्रवाई गरीब नवाज कालोनी में रहने वाले बदमाश शोएब पिता इलियास शाह के मकान पर की गई। शोएब के खिलाफ सात अपराध दर्ज है। उसने अवैध तरीके से मकान का निर्माण कर रखा था। सीएसपी ओमप्रकाश मिश्रा ने बताया कि बदमाशों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# एनएसयूआई द्वारा विधायकों की उपस्थिति में विक्रम विश्वविद्यालय में फर्जी नियुक्ति से करोड़ों के घोटाले की एफआईआर की मांग

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** विक्रम विश्वविद्यालय में वर्ष 2007 में बजट में स्वीकृत 39 पद पर फर्जी तरीके से 51 +1 अन्य कुल 52 नियुक्तियां की गई थी। स्वीकृत 39 पद पर 52 फर्जी नियुक्ति से उत्खनन प्रभारी का पद 2007 में ही समाप्त हो गया था। वर्ष 2022 में रमण सोलंकी जो 2007 में 51 फर्जी नियुक्ति में सम्मिलित थे को ही कार्य परिषद सदस्यों और कुलसचिव प्रशांत पौराणिक ने उत्खनन प्रभारी का जो पद विश्वविद्यालय में समाप्त हो चुका था पर नई नियुक्ति प्रदान कर विश्वविद्यालय के साथ भ्रष्टाचार और आर्थिक अपराध किया है। 39 पद के विरुद्ध 52 पद एवं उत्खनन प्रभारी का बजट के विरुद्ध फर्जी पद बनाने से हर साल लगभग 7 लाख और वार्षिक 84 लाख के घोटाले के साथ ही 16 वर्षों में अब तक लगभग 13 करोड़ से अधिक का घोटाला विश्वविद्यालय में हो चुका है। जो दस्तावेजों से प्रमाणित है। कुलसचिव प्रशांत पौराणिक ने राजभवन सचिवालय को भी उत्खनन प्रभारी की फर्जी नियुक्ति के सम्बंध में असत्य विधिक अभिमत बनवा कर गुमराह किया है जो राजभवन के सत्यापित दस्तावेजों से प्रमाणित है।



फर्जी नियुक्तियों से विक्रम विश्वविद्यालय में करोड़ों के घोटाले पर दोषियों पर अविलंब एफआईआर दर्ज करवाने की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम कुलपति द्वारा विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन में एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रितेश शर्मा और जिला अध्यक्ष अंबर माथुर के नेतृत्व में बजट की मीटिंग के दौरान बडनगर विधायक मुरली मोरवाल, आलोट विधायक मनोज चावला, नागदा विधायक प्रतिनिधि नंदू गुर्जर की मौजूदगी में ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बबलू खींची , यश जैन दीपेश जैन, यशवंत चौहान ,सोनू परमार ,आदित्य धेपते ,नयन काले ,बलराम मालवीय, किशन सिंह राजपूत एवं कई कार्यकर्ता मौजूद थे ज्ञापन के बाद एनएसयूआई कार्यकर्ता विक्रम विश्वविद्यालय परिसर में बने मंदिर में बजरंगबली को माला पहनाकर हनुमान चालीसा का पाठ करने बैठ गए एवं बजरंगबली से विनती की गई के विश्वविद्यालय को अब आप ही बचा सकते हैं ।

# 24 मार्च तक सभी उपार्जन केन्द्रों पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

## एफएक्यू मापदण्ड का व्यापक प्रचार करने हेतु प्रत्येक खरीदी केन्द्र पर फ्लेक्स लगाये जायेंगे ››किसानों का रकबा सेटेलाइट इमेज के साथ सत्यापित किया जायेगा››जिला उपार्जन समिति की बैठक सम्पन्न

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 24 मार्च तक सभी उपार्जन केन्द्रों पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही एफएक्यू मापदण्ड का व्यापक प्रचार करने हेतु प्रत्येक खरीदी केन्द्र पर फ्लेक्स लगाये जायेंगे। उज्जैन जिले में प्रदेश के अन्य आठ जिलों के साथ सेटेलाइट इमेज के साथ रकबा सत्यापित करने के लिये सभी एसडीएम को कहा गया है। नापतौल विभाग को सभी उपार्जन केन्द्रों के तौलकांटों का 24 मार्च तक अनिवार्य रूप से सत्यापन करने के निर्देश दिये गये हैं। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने आज जिला उपार्जन समिति की बैठक में सम्बन्धित अधिकारियों को कहा है कि उपार्जन का कार्य गंभीरता से किया जाना है और इस सम्बन्ध में एक भी शिकायत यदि आती है तो सम्बन्धित खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं सहकारिता के अधिकारियों पर कार्यवाही की जायेगी।



बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये हैं कि 20 मार्च को सेटेलाइट इमेज के साथ रकबा सत्यापित करने के सम्बन्ध में प्रशिक्षण आयोजित किया जाये। बैठक में बताया गया कि जिले में कुल 174 खरीदी केन्द्र स्थापित किये जा रहे हैं। इनमें से 16 महिला स्व-सहायता समूह को दिये जाना प्रस्तावित है। कलेक्टर ने पात्रता अनुसार ही महिला स्व-सहायता समूह को उपार्जन केन्द्र आवंटित करने के लिये कहा है। कलेक्टर ने जिले के सभी एसडीएम को 24 मार्च को सभी उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण कर उपलब्ध करवाई जाने वाली सुविधाओं की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिये कहा है।

### बारदानों पर विशेष टैगिंग होगी

उपार्जन की प्रक्रिया में विभिन्न खरीदी केन्द्रों पर खरीदे जाने वाले गेहूं को जिन बारदानों में संग्रहित किया जायेगा, उन पर विशेष टैगिंग की जायेगी तथा बोरी पर गेहूं विक्रय करने वाले कृषक की कोडिंग भी होगी, जिससे प्रत्येक बोरी की जानकारी उपलब्ध होगी कि किस किसान द्वारा उक्त गेहूं विक्रय किया गया है। कलेक्टर ने सत्यापन उपरांत किसानों की सूची उपार्जन केन्द्रों पर चस्पा करने तथा उपार्जन कार्य के निरीक्षण हेतु उड़नदस्ते का गठन करने के निर्देश दिये हैं। उल्लेखनीय है कि आगामी 25 मार्च से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी जिले में प्रारम्भ होगी। खरीदी 10 मई तक चलेगी। इस बार 2125 रुपये प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदा जायेगा। जिले में गेहूं का रकबा 6 लाख 88 हजार 253 हेक्टेयर है। उज्जैन जिले में 81 हजार 978 किसानों द्वारा पंजीयन करवाया गया है।

# सार्वजनिक वितरण प्रणाली में हितग्राहियों के ई-केवायसी का कार्य 10 अप्रैल तक 75 प्रतिशत करने के निर्देश

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये हैं कि जिले के सभी खाद्य निरीक्षक सार्वजनिक वितरण प्रणाली के 75 प्रतिशत हितग्राहियों के ई-केवायसी का कार्य 10 अप्रैल तक पूरा करना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने हितग्राहियों के मोबाइल सीडिंग का कार्य भी इसी अवधि में 90 प्रतिशत करने के लिये कहा है। कलेक्टर ने उचित मूल्य की दुकानों का सुदृढ़ीकरण करते हुए एक ही दुकान पर एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर, 5 किलो के घरेलु गैस सिलेण्डर उपलब्ध करवाने एवं इंडिया पोस्ट बैंक की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिये सभी एसडीएम को निर्देशित किया है। कलेक्टर ने प्रत्येक दुकान पर सूचना बोर्ड चस्पा करने व मुख्यमंत्री अन्नदूत योजना के तहत प्रत्येक अनुविभाग से पांच-पांच हितग्राहियों का चयन कर योजना के लिये आवेदन कराने के निर्देश दिये हैं।

# शलभ गोयल ने पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक का कार्यभार ग्रहण किया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय रेलवे इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग सेवा (1989 बैच) के वरिष्ठ अधिकारी शलभ गोयल ने पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक के पद पर पदस्थापन से पूर्व आप मध्य रेल में मुख्य विद्युत लोकोमोटिव इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे।

श्री गोयल भारतीय रेलवे में मध्य रेल, उत्तर रेलवे, रेल मंत्रालय के साथ-साथ प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन में विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके हैं। आपको रेलवे विद्युतीकरण, विद्युत लोकोमोटिव अनुरक्षण एवं परिचालन, ऊर्जा प्रबंधन आदि सहित रेलवे के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य का गहन अनुभव प्राप्त है।श्री गोयल ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली से ऊर्जाअध्ययन में स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की। उन्होंने रेल मंत्रालय में कार्यकारी निदेशक, मध्य रेल के मुंबई मंडल में मंडल रेल प्रबंधक और मध्य रेल में मुख्य विद्युत लोकोमोटिव इंजीनियर जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस में मंडल रेल प्रबंधक के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान श्री गोयल ने

कोविड-19 की सबसे कठिन अवधि को कुशलता से संभाला और अत्यंत कठिन परिस्थितियों के बावजूद ट्रेन परिचालन को जारी रखा गया।अपने शानदार करियर में श्री शलभ गोयल उत्कृष्ट और सराहनीय सेवाओं के लिए महाप्रबंधक और रेल मंत्री पुरस्कार से भी सम्मानित हो चुके हैं।

# मोबिलिटी प्लान के सर्वेक्षण के आंकड़े प्रस्तुत किये गये



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उज्जैन शहर एवं आसपास के अन्य शहरों से आने वाले वाहनों एवं यहां की जनसंख्या व फ्लोटिंग जनसंख्या के मद्देनजर नगर निगम (स्मार्ट सिटी) के निर्देश पर मोबिलिटी प्लान बनाने वाली विशेषज्ञ कंपनी द्वारा उज्जैन सिटी के लिये कम्प्रेहेंसिव मोबिलिटी प्लान तैयार किया जा रहा है। इसमें प्रथम चरण का सर्वेक्षण किया जा चुका है। सर्वे करने वाली कंपनी द्वारा आज सर्वे के आंकड़े का प्रस्तुतिकरण कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम एवं पुलिस अधीक्षक श्री सत्येन्द्र कुमार शुक्ल के समक्ष किया गया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री रोशन सिंह एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

सर्वेक्षण करने वाली कंपनी के एक्जीक्यूटिव द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा उज्जैन शहर में आने वाले विभिन्न आठ मार्गों पर कैमरे लगाकर मोबिलिटी का सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण में पाया गया कि सामान्य दिनों में उज्जैन शहर में टूव्हीलर एवं फोरव्हीलर दोनों मिलाकर 60 हजार वाहन प्रवेश करते हैं और सप्ताहांत एवं शिवरात्रि आदि के समय किये गये सर्वेक्षण से जानकारी मिली है कि इस समय दो लाख के लगभग वाहन (टूव्हीलर एवं फोरव्हीलर) उज्जैन में आये हैं। इन्हीं आंकड़ों के आधार पर शहर में मोबिलिटी प्लान बनाया जा रहा है। कंपनी के सर्वेक्षणकर्ताओं ने बताया कि नगर में रोजाना लगभग चार लाख 81 हजार पेसेंजर का आवागमन होता है। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश दिये हैं कि बेहतर प्लानिंग करने के साथ-साथ सिंहस्थ-2028 की आवश्यकताओं पर फोकस किया जाना जरूरी है। उन्होंने शिप्रा नदी के किनारे-किनारे पार्किंग व मोबिलिटी की प्लानिंग पर विचार करने के निर्देश दिये हैं।

# युवा वाहन चालक शासन की योजना का लाभ लेकर खुद ट्रक के मालिक बन सकते हैं

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री अन्नदूत योजना के तहत 24 मार्च तक उज्जैन जिले में स्क्स्ज्ञ पोर्टल पर आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। हितग्राहियों का चयन जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जायेगा। इस योजना से जिले के 18 से 45 वर्ष के युवा लोडिंग वाहन चालक का लायसेंस धारण करने वाले व्यक्ति जिन्होंने कम से कम 8वी परीक्षा उत्तीर्ण की हो, वे खुद ट्रक के मालिक बन सकते हैं व सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत विभिन्न जनपदों के सेक्टर्स में उचित मूल्य की दुकानों पर प्रदाय किये जाने वाले अन्न के परिवहन का कार्य कर एक निश्चित आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही खाली समय में अन्य लोडिंग का कार्य भी कर पायेंगे। विस्तृत जानकारी जिला आपूर्ति कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

जिला आपूर्ति अधिकारी ने योजना के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक सम्बन्धित जनपद सेक्टर का मूल निवासी हो, बैंक का डिफाल्टर न हो, शासकीय सेवक व पेंशनर न हो और किसी अन्य स्वरोजगार योजना से लाभांवित न हुआ हो तो उसको इस योजना का लाभ मिल सकता है। हितग्राही को वाहन मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अन्तर्गत उपलबध कराया जायेगा, जिसमें ऋण की अवधि सात वर्ष होगी, ब्याज अनुदान 3 प्रतिशत वार्षिक, ऋण की गारंटी व अधिकतम एक लाख 25 हजार रुपये का मार्जिन मनी अनुदान मिलेगा। हितग्राही को साढ़े सात मैट्रिक टन क्षमता का वाहन क्रय करना होगा। राशन सामग्री के परिवहन हेतु हितग्राही से खाद्य विभाग द्वारा सात वर्ष का अनुबंध किया जायेगा।

# 05 सीएनजी कचरा कलेक्शन वाहनों का शुभारंभ

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कचरा संग्रहण कार्य को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने के लिए नगर निगम को 05 नवीन सीएनजी चलित कचरा संग्रहण वाहन सीएसआर गतिविधि अन्तर्गत प्राप्त हुए है। जिसका शुभारंभ महापौर श्री मुकेश टटवाल एवं निगम आयुक्त श्री रौशन कुमार सिंह द्वारा शनिवार को हरी झण्डी दिखाकर किया।



महापौर श्री टटवाल ने बताया कि शहर को साफ एवं स्वच्छ रखने के लिए नगर निगम द्वारा हरसंभव प्रयास किया जा रहा है वही कचरा कलेक्शन का कार्य सुव्यवस्थित तरिके से हो इसका भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है, इसी क्रम में नगर निगम को अवंतिका गैस लिमिटेड के सौजन्य से सी.एस.आर गतिविधि अंतर्गत 05 सी.एन.जी बॉक्स टिपर वाहन प्राप्त हुए है जो वार्ड में डोर टू डोर कचरा संग्रहण में मददगार होगे। सभी वाहन सीएनजी चलित है, जिससे प्रदुषण भी कम होगा।

उल्लेखनिय है कि पूर्व में नगर पालिक निगम द्वारा नेशनल सफाई कार्मचारी आयोग से ऋण के माध्यम से 26 नवीन सीएनजी कचरा संग्रहण वाहन खरीदे गए है। तथा सीएसआर गतिविधि अन्तर्गत 05 और नवीन सीएनजी चलित वाहन निगम के अमले में शामिल हुए इस प्रकार कुल 31 कचरा संग्रहण वाहन सीएनजी चलित है।

इस दौरान उपयंत्री श्री विजय गोयल, कार्यकारी निर्देशक अवंतिका गैस लिमिटेड श्री अनुपम मुखोपाध्याय, व्यवसायिक निर्देशक श्री गजानन परमार, श्री सुमित कुमार सिंह, श्री वीरेंद्र शर्मा, श्री मनीष कुमार शर्मा उपस्थित थे।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )